# समाजवादी पार्टी और पीडीए परिवार लगातार बढ़ रहा – अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आज जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, औरैया जनपद के पूर्व विधायक मदन गौतम, पूर्व सांसद भाल चंद्र यादव के पुत्र सुबोध यादव, बीएसपी से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी इलियास अंसारी, पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज अली, हरदोई के बसपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तिलक चंद्र वर्मा, राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता लतेष बिधूड़ी, भाजपा नेता एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम राजपूत, कमलेश कुमार गौतम पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीतमल, समेत हजारों लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और पीडीए परिवार लगातार बढ़ रहा है। इन सभी नेताओं और उनके समर्थकों के आने से समाजवादी आंदोलन को मजबूती मिलेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा का चुनाव संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण और सम्मान बढ़ाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह संविधान मंथन का समय है एक तरफ संविधान बचाने वाले समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी लोग हैं तो दूसरी तरफ संविधान को खत्म करने वाली भाजपा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का हक और अधिकार छीन रही है। विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में भाजपा सरकार ने पीडीए को कहां रखा है? किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों को नौकरी और रोजगार नहीं मिला। अखिलेश यादव ने भाजपा हटाओ नौकरी पाओ का नारा देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। कहा कि भाजपा की 10 साल की सरकार में देश में एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है, भाजपा सरकार उसे नहीं मान रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार आएगी तो किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और भ्रष्टाचार चरम पर है इतना भ्रष्टाचार कभी नहीं हुआ जितना बीजेपी सरकार में हो रहा है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के नाम पर 40 हजार करोड़ का बजट कहां खर्च हो गया, लेकिन सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जा सके। प्रदेश में सड़को के निर्माण में भ्रष्टाचार हो रहा है। कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया गया। उन्हें फिर कर्ज दिया गया। जिनका कर्ज माफ किया था उन्होंने इलेक्टोरल बांड खरीदा। इसका ब्यौरा अब एसबीआई सुप्रीम कोर्ट को नहीं दे रहा है।

# प्रधानमंत्री करेंगे 10 मार्च को लखनऊ के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण

## प्रधानमंत्री देंगे यूपी को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात
## लखनऊ में 1040 गरीबों को मिलेगा उनके सपनों का घर
## नवीनतम तकनीकी से बने मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल

संवाददाता।

लखनऊ। सभी गरीबों को आवास के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अभियान वर्ष 2014 में शुरू किया, उसी का परिणाम है कि आज देशभर में करोड़ों गरीबों को उनके सपनों का घर मिल सका। इसी क्रम में प्रधानमंत्री 10 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उपहार देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित आवासों का लोकार्पण करेंगे।निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चौलेन्ज–इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर–5 में निर्मित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 01 जनवरी, 2021 को किया गया था और 04 जनवरी, 2021 से लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय में भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। उक्त तकनीकी से मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्ग मी. कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन सम्मिलित हैं, जो स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाकों में निर्मित हैं। उक्त परियोजना में आवास के साथ–साथ कम्यूनिटी सेन्टर, कॉमर्शियल सेन्टर, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेनेज, आन्तरिक सडकें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाईट, खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि की सुविधाएँ भी लाभार्थियों को मिलेंगी।परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपए है, जिसमें समस्त अवस्थापना सहित प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपए है। परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश 1.50 लाख रुपए के अतिरिक्त केन्द्रीय टीआईजी के रूप में 4.00 लाख रुपए अतिरिक्त दिया गया है। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा देय राज्यांश 1.00 लाख रुपए के अतिरिक्त राज्य टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा दिया गया है। इस प्रकार परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपए प्रति आवास का शासकीय अनुदान दिया गया है। अवशेष धनराशि 5.26 लाख रुपए लाभार्थी द्वारा वहन की गयी है। परियोजना अंतर्गत निर्मित होने वाले समस्त 1040 आवासों का आवंटन नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्यवन में लगाए जाएंगे प्रधानाध्यपक

संवाददाता। लखनऊ। 11 से 20 मार्च, 2024 तक उद्यमिता विकास संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 11 मार्च, 2024 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कंचन वर्मा, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 द्वारा किया जायेगा। निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, ख्याति प्राप्त शैक्षिक संस्थान में कार्यरत शिक्षाविद् द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 01 प्रधानाध्यापक 01 प्रवक्ता एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत 01 प्रवक्ता को प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन से जहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणत्तापरक शिक्षा दी जायेगी, वहीं दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता का संवर्द्धन होगा

# मतदाता जागरूकता के लिए वाकथान का आयोजन

डलमऊ (आरएनएस) ।लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की पहल प्रारंभ हो गई है। गांव व कस्बों विभागीय अधिकारियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है अधिकारियों का मानना है कि जिन मतदाताओं ने प्रथम वार वोट डालने का अधिकार प्राप्त किया है वह अपने मत का प्रयोग सतप्रतिशत करें, इसी क्रम में शनिवार को निर्वाचन आयोग से जारी निर्देश के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान एसडीम अभिषेक वर्मा, तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च को विशेष अभियान चला कर बूथों पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कैंप लगाया जाएगा मतदाता जागरूकता अभियान लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत मैराथन दौड़ मुराई बाग चौराहा से वीआईपी गंगा तट तक किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी अभिषेक वर्मा द्वारा मैराथन की हरी झंडी दिखाई गई जिसमें लोकसभा निर्वाचन के मतदाता जागरूकता के ऑर्डिनेटर श्याम प्रकाश ने बताया की मतदाता जागरूकता के बारे में लोगों को बताया कि मतदाता अपने मत का जरूर प्रयोग करें किसी भी हाल में किसी का मत व्यर्थ न जाए, इस मौके पर एसडीएम अभिषेक वर्मा, तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़, सोहराब अली, सतीश जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# योग शरीर की मजबूती एवं स्फूर्ति के लिए जरूरी

रायबरेली (आरएनएस) ।मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा संचालित निरूशुल्क दैनिक योग शिविर प्रातः राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में योगाचार्य बृजमोहन के द्वारा पिछले 2वर्षों से स्वास्थ्य क्षेत्र में निरूस्वार्थ सेवा की जा रही है। योग शिविर में आने वाले अध्यात्मिक साधकों को योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम,प्राणायाम, आसान, मुद्रा, ध्यान, का सहज अभ्यास कराया जाता है। बेहतर जीवन शैली के लिए दिनचर्या का पालन करना आवश्यक है। जैसा हमारा आहार होगा वैसे ही हमारे मस्तिष्क में विचार आयेंगे। योग कक्षा में रोगानुसार अलग अलग आहार विहार की जानकारी दी जाती है। योग करने से शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक रुप से हम सभी पूर्ण निरोगी और जीवन में शान्ति प्राप्ति होती है। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय के निरंतर सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पूरे वर्ष विभिन्न महापुरूषों की जयंती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय पर्व, दिवस में रायबरेली जनपद के लोग बढ़चढ़ के हिस्सा लेते हैं। योग एवं आयुर्वेद को अपनाकर हम समस्त आधिव्यधि से मुक्त हो सकते है। मातृभूमि सेवा मिशन एक अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान है। इसके द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्प जैसे निरूशुल्क योग शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम, पर्यावरण के प्रति आयुर्वेदिक एवं फलदार पौधे रोपित करना और वितरित करवाना, रक्तदान शिविर, विभिन्न बीमारियों के समाधान के लिए योग शिविर में पैथलॉजी द्वारा निरूशुल्क जांच कैम्प, अन्न भंडार, वृद्धजन एवं चिकित्सा सेवा, यज्ञ, सत्संग, भजन, सैनिकों का सम्मान, दैनिक गीता ज्ञान, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में फ्री योग कक्षा द्वारा समाज को सुखमय जीवन के लिए सकारात्मक संदेश देना।

# गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क का उद्यान मंत्री ने किया उद्घाटन




रायबरेली (आरएनएस)। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सिख गुरु गोविंद सिंह के नाम से एक विशाल एवं भव्य पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क को जिले वासियों के लिए उद्यान मंत्री द्वारा समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पार्क जिले का हृदय स्थल कहलाएगा।उन्होंने कहा कि इसमें जिले की सांस्कृतिक विरासत गर्ग ऋषि, गोकर्ण ऋषि, डालभ्य ऋषि,आस्तीक मुनि, महर्षि जमदग्नि,राणा बेनी माधव बक्श सिंह,राजा राव रामबक्श सिंह,आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी,वीरा पासी,लाल चंद्र स्वर्णकार की मूर्तियां लगाई गई है और मूर्तियों के नीचे उनका संक्षिप्त इतिहास भी पत्थर पर लिखकर लगाया गया। जिससे अगली पीढ़ियां रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत को जान सके और उस पर गर्व कर सके। इस उद्यान में लगभग 3 किलोमीटर वाकिंग ट्रैक भी बनाई गई हैं जो बेलें और पुष्पों से आच्छादित होंगी। वाकिंग ट्रेक के किनारे सुंदर आवाज में मंत्र और गीत बजते रहेंगे। इसमें वात्सल्य योगा पार्क का निर्माण भी किया गया है। जिसमें सिर्फ महिलाएं स्वतंत्र रूप से योगा कर सकेंगी। इसी तरह पुरुषों के लिए एक बड़ा योग सेट होगा। जिसमें धूप,बारिश और ठंड के समय भी योगाभ्यास किया जा सकता है। उद्यान में एक सत्संग भवन भी बनाया गया है जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक ध्यान आदि कर सकते हैं। पार्क में आम,अमरूद और आंवला के बड़े–बड़े बाग विकसित हैं। दूसरी ओर फल,फूल,सब्जी और औषधि पेड़ों की हाईटेक नर्सरी की भी स्थापना की गई है। जिसमें रायबरेली के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक लाभ ले सकेंगे। उद्यान में एक भव्य गेस्ट हाउस का निर्माण भी कराया गया है। पार्क में 110 फीट का राष्ट्रीय ध्वज हमेशा लहराता रहेगा। दूसरी ओर विशाल और रंगीन फव्वारे अपनी मनमोहक छटा बिखेरेंगें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नगर वासियों एवं हर वर्ग आयु के लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए इस पार्क का निर्माण किया गया है।

इसी पार्क में उद्यान मंत्री द्वारा जनपद के लगभग 300 सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास लोकार्पण किया गया। जो उद्यान, मंडी परिषद और जिला पंचायत से निर्मित अथवा निर्माणाधीन है।

# खेत में लगे झटका मशीन से महिला की हुई मौत

गदागंज ,रायबरेली (आरएनएस) ।थाना क्षेत्र में पूरे उदऊ का पुरवा माधवपुर निवासिनी गायत्री (40 वर्ष)पत्नी जागे लाल एक दिन पूर्व खेत गई थी।खेतों में लगे झटका मशीन से वह झुलस गई। जिसकी शनिवार को मौत हो गई। गदागंज थाना क्षेत्र के उदऊ का पुरवा मजरे माधवपुर गांव निवासी जागेलाल की पत्नी गायत्री जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष थी। वह खेत में लगी हुई झटका मशीन के संपर्क मे आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। घर आई और प्राथमिक उपचार के बाद शनिवार को घर पर ही गायत्री की मौत हो गई।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है आवारा जानवरों से निजात पाने के लिए खेतों में किसानों द्वारा झटका मशीन लगाई गई है। जिसके वजह से करंट लगने से झुलस जाने से महिला की मौत हुई। महिला के तीन बच्चे हैं गदागंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला एक दिन पहले अपने खेत गई हुई थी। खेत में लगे हुए झटका मशीन के संपर्क में आने से वह अचानक झुलस गई शनिवार को घर पर ही उसकी मौत हो गई।

# अस्पताल में जलाया जा रहा कूड़ा, जिम्मेदार,मौन

रायबरेली (आरएनएस) ।पर्यावरण को हरा भरा व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सरकार ने कूड़ा कचरा न जलाने के लिए सख्त निर्देश दिया है। इतना ही नहीं इसके बावजूद भी अगर कोई कूड़ा कचरा जलाता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही के भी निर्देश दिए हैं ,लेकिन डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही शासन की मंशा के विपरीत कार्य किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को सफाई कर्मचारियों द्वारा मलहम पट्टी रूम, औषधि कच्छ, लेबर रूम से कचरा लाकर खुले आसमान के नीचे जला दिया गया, कूड़े के देर में पड़े इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन व सिरिंज की दुर्गंध से सीएचसी में भर्ती मरीज कमरो से निकाल कर बाहर आ गया। सफाई कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन कूड़े के ढेर को जलाकर खुलेआम प्रदूषण फैलाने का काम किया जा रहा है बावजूद इसके कार्यवाही करने की कौन कहे कूड़े ढेर को ना जलाने के लिए किसी अधिकारी ने मना भी नहीं किया है। लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलाया जा रहे हैं कूड़े के देर से सांस दमा के मरीज परेशान, सबसे ज्यादा परेशानी हार्ड के मरीजों को हो रही है लेकिन इन सब बातों से अनभिज्ञ सफाई कर्मचारी कूड़े कचरे को नष्ट न करते हुए, आग लगाकर उसे जला देते हैं।

# केयर टेकर नही दे रहे ध्यान, राहगीर और ग्रामीण परेशान

हैदरगढ़ बाराबंकी(आरएनएस)। विकास खण्ड़ त्रिवेदीगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैराकनकू में ग्रामीणों की सुविधा हेतु, लाखों की लागत से बनाया गया सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोज साबित हो रहा है। दो वर्ष से बंद पड़े शौचालय में गंदगी का अंबार तो है ही साथ ही वहां लगाए गए समस्त उपकरण बेकार हो चुके है। वही केयर टेकर से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होने फोन काट दिया। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सभी गांवो में शौचालय बना दिया जिससे गांव की जनता खुली शौच ना करे। शौचालय में साफ–सफाई के लिए सरकार हजारो रूपए वेतन देकर केयर टेकर की तैनाती भी कर रखी है इसके अलावा हर माह लगने वाले अन्य खर्च को भी सरकार वहन कर रही है। इतने के बावजूद खैराकनकू में शौचालय बद से बत्तर की स्थिति में है। उक्त शौचालय खैराकनकू ग्राम पंचायत के हसवापुर में दहिला–पोखरा संपर्क पर बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान राम तीरथ के कार्य काल में शौचालय का निर्माण हुआ था लेकिन कार्य अपूर्ण था। इसी बीच चुनाव हुआ तो महिला सीट पर कांतिदेवी पत्नी रामराज चुनाव जीत गई। चुनाव जीतने के बाद प्रधानपति ने उक्त शौचालय का अधूरा कार्य पूर्ण कराकर गांव को ओडिएफ घोषित कर दिया। शौचालय की जिम्मेदारी केयर टेकर नीलम सिंह को सौंप दी। ग्रामीणों ने बताया कि केयरटेकर शौचलय साफ सफाई के लिए हसवापुर गांव निवासी परशुराम को तीन हजार रूपए प्रतिमाह पर दे दिया। जब परशुराम से बात किया गया तो उनका कहना था कि बीते 18 माह से शौचालय की जिम्मेदारी उठा रहा था, लेकिन केयरटेकर ने पैसा नही दिया उसके बाद से जिम्मेदारी छोड़ दिया है। आज शौचालय में गंदगी ही गंदगी है विजली कनेंशन है, पर लाइट नही आती, पानी की टंकी रखी है पर लीकेज है। शौचालय का ताला हमेशा खुला रहता है, राहगीर शौच को आते और देखकर वापस चले जाते है। वही मामले की संपूर्ण जानकारी के लिए केयर टेकर नीलम सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया। पंचायत सचिव सुबोध से बात किया गया तो उनका कहना था कि अभी हाल ही में उक्त पंचायत का जार्च मिला है मामले की जानकारी है कार्ययोजना में डाल दिया गया है जल्द ही शौचालय दुरूस्त करवा दिया जाएगा। वही खण्ड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज का कहना है कि अगर मुझे इस सम्बन्धा में शिकायत मिलती है जांच करायी जाएगी।

# भाजपा नेता ने लाभार्थी संपर्क योजना के तहत किया भाजपा का प्रचार प्रसार

लालगंज ,रायबरेली (आरएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के तहत बूथ संख्या 243 रणगांव में लाभार्थियो से मिलकर मिल रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली ।बूथ पर पहुंच कर केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क किया और लाभार्थियों के घर–घर जाकर जहां स्टीकर चिपकाए वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र सौप कर पार्टी का भी प्रचार प्रसार किया ।भाजपा नेता श्री पांडे ने लाभार्थियों से कहा कि आगे भी जनता को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाये चालू रहे, इसलिए प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को फिर से जिताना है और भारत राष्ट्र को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ भय, भूख, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को समाप्त करने का काम किया है। देश को शक्तिशाली बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का निर्माण करा कर हिंदुओं के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है ।भाजपा की सरकार फिर से बनाने का हम सब का लक्ष्य होना चाहिए। भाजपा सरकार ही भारत राष्ट्र को विश्व के अन्य राष्ट्रों की तरह विकसित बना सकती है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष दिनेश दीक्षित ,ब्रजकिशोर सिंह,सज्जन,जितेंद्र बहादुर कमल किशोर,विश्वनाथ व महिपत सिंह उपस्थित रहे।

# अनिल, विमल दौड़े सबसे तेज, दौड़ में दिखा रोमांच

रायबरेली (आरएनएस)। विभिन्न प्रकार की रेस प्रतियोगिता में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी वहीं घुड़सवारों ने भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी इस वर्ष नंदनवीर बाबा स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

12 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में सूरज प्रथम, रोहित द्वितीय व आर्यन तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर बालक वर्ग में अनिल कुमार , आकाश, अजीत व 800 मीटर बालक वर्ग में विमल, अनूप, चंदन क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में खुशी सिंह ने प्रथम व बबिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

साइकिल दौड़ अंकित प्रथम, विमल द्वितीय व शिवा तृतीय स्थान पर रहे।घोड़ा दौड़ सरपट में नीशू यादव के घोड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं मनोज व अनुज के घोड़े को द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। घोड़े की इरगा दौड़ में अमर सिंह के दो घोड़े क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान और रहे वहीं लाला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बैलगाड़ी दौड़ में सुशील यादव के बैलों में सबसे तेज दौड़ लगाई वहीं राम विलास सिंह के बैलों की जोड़ी नव द्वितीय व राजकुमार के बैलों को तृतीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ।

इस दौरान हरिकेश सिंह, दुर्गेश मिश्रा, अरविंद सिंह, गुरुप्रसाद तिवारी, राजेन्द्र द्विवेदी, रामकरन मिश्रा, ददन सिंह, पप्पू यादव, रामलखन लोधी, अरविंद सिंह, राकेश शुक्ला, राजेश तिवारी, अनिल मिश्रा, आदित्य प्रकाश, प्रांशू, जय प्रकाश मौर्य, भरतलाल लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने किया फ्लैग मार्च

गदागंज, रायबरेली (आरएनएस) ।थाना क्षेत्र में एसडीम व क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। फ्लैग मार्च में मतदाताओं को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा मत देना अमूल्य अधिकार है सभी मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़–चढ़कर मतदान करें। गदागंज पुलिस को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजकतत्वों लोगों के ऊपर पैनी नजर रखने व अराजकता फैलाने वालों के ऊपर सखध्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार ने गदागंज थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए

कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक है लोगों को जागरूक करें। महिला पुरुष सभी का मत डालने का अमूल्य अधिकार है सभी अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें।किसी के बहकावे में कतई न आवे। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार व एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी गदागंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह गदागंज थाना क्षेत्र के जलालपुर धई, धमधमा, कजियाना ,धूता आदि गांवों का पुलिस बल के साथ भ्रमण कर पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नौहवार गदागंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## कमलेश राय ने बागेश्वर धाम में 156 बेटियों का निशुल्क मेकअप कराया

झांसी! बुंदेलखंड खाटू श्याम संस्था समिति की अध्यक्ष समाज सेवी कमलेश राय अपनी टीम के साथ बागेश्वर धाम पहुंची जहां



उनकी टीम ने बागेश्वर धाम में हो रहे सम्मेलन में बेटियो के विवाह में 156 बेटियो का निशुल्क मेकअप कराया संस्था समिति में उनके साथ में मंजू,डॉक्टर अभिलाषा प्रीति राजपूत डॉक्टर काजल राय सुषमा राय दीपा मंगला सहडोल सोनाली डाक्टर सहडोल गीता शर्मा भोपाल पूर्वी झांसी अंचल मीणा सरोज यादव शिवानी नेहा राय आशा राम आशी राय पूजा शहडोल प्रीति सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सी.एम.एस. छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है - ब्रजेश पाठक, उप-मुख्यमंत्री, उ.प्र.

लखनऊ, 9 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स' में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है। श्री पाठक ने आगे कहा कि शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है। जब छात्रों को चारित्रिक उत्कृष्टता व जीवन मूल्यों से भरपूर सर्वांगीण व उद्देश्यपूर्ण शिक्षा मिलेगी, तभी उनमें मनुष्यता का विकास संभव हो पाता है। इससे पहले, सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वरीय भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत–संगीत से ऐसा समां बाँधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। प्रार्थना नृत्य, सर्वधर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना, गीत–संगीत, लघु नाटिका आदि कार्यक्रमों की अभिभावकों ने भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि आज का बालक एक वैज्ञानिक युग में जी रहा है। विज्ञान की तेज प्रगति ने प्रत्येक बालक में कुछ नया कर दिखाने का जज्बा भर दिया है। ऐसे में जरूरी है कि छात्रों को प्रारम्भ से ही डिवाइन एजुकेशन प्रदान कर उनमें वैश्विक दृष्टिकोण का विकास किया जाये। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान ने अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभिभावकों का अपार सहयोग हमें मिलता है, इसी कारण हम बच्चों को सफलता की बुलन्दी पर पहुँचाने में सफल हुए हैं।




## रानी झांसी फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया

झांसी! जिला जनकल्याण झांसी रानी झांसी रानी फाउंडेशन के तत्वाधान में आज केंद्रीय कार्यालय पर महाशिवरात्रि पर्व के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया महिला दिवस के उपलक्ष में सभी महिलाओं ने महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया एवं महिलाओं ने महिला दिवस के कार्यक्रमों में विभिन्न विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया और



पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र तिवारी जी द्वारा की गई एवं महिला दिवस पर प्रतिभागियों को श्रीमती निर्मल तिवारी जी द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर ज्योति पटेरिया,सुषमा सिंह,आर एन शर्मा, धर्मेंद्र कारलेकर, सौरभ जेजुरकर, बबीता ओझा,सीमा चौबे, वंदना प्रजापति,सीमा पुरोहित,नंदा यादव,निधि भार्गव, प्रतिभा शर्मा, अनुपम गुप्ता, अविरल गुप्ता, प्रतिभा खरे, विंध्यवासिनी ओझा, राजेश ठकुरानी, मान्यता खरे, भावना चंदेल, नीलम तिवारी, कविता मिश्रा, नितिन कुमार, जगदीश परिहार, गिरजा शंकर मालवीय,आशा मालवीय, रंजना शर्मा,शिखा शुक्ला, कैलाश मालवीय, मनीष दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन प्रतिमा ओझा ने व आभार व्यक्त श्रीमती निर्मल तिवारी ने व्यक्त किया

# टाण्डा क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

लईक सैफी टाण्डा जिला रामपुर।टाण्डा–बाजपुर मार्ग पर ग्राम सरकथल के पास शनिवार की दोपहर दो बाइकों में आमने–सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई।इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।जबकि घायलों को स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।मृतकों के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।शनिवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सरफराज पुत्र शमशाद निवासी ग्राम लोहर्रा इनायतगंज थाना स्वार अपने ही गांव निवासी दोस्त साजिद पुत्र मोहम्मद उमर व आसिफ पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम नानकार रानी थाना स्वार को बाइक से मुरादाबाद स्थित रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के लिए जा रहा था।बताते हैं कि जब वह टाण्डा–दढ़ियाल मार्ग स्थित ग्राम सरकथल के पास पहुंचे तो टांडा की ओर से बाइक से शादी का सामान लेने दढ़ियाल जा रहे अतुल पुत्र बलराम सिंह निवासी लखमन नगला व विवेक पुत्र बब्लू सिंह निवासी ग्राम कल्लू का मंझरा ने गन्ने से लदी ट्रैक्टर–ट्राली को ओवरटेक किया तो दोनों बाइक सवारों की आमने–सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।सभी को स्थानीय सीएचसी लाया गया।कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह पचौरी तत्काल पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने साजिद (22 वर्ष) व आसिफ(21 वर्ष) तथा अतुल(21वर्ष)को मृत घोषित कर दिया।जबकि विवेक (19 वर्ष) व सरफराज को(20 वर्ष) को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।सूचना पर मृतको व घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।जिनका रो–रोकर बुरा हाल है।



## शानदार खेल दिखाकर गायत्री क्लब ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

झांसी। शानदार खेल दिखाकर गायत्री क्लब ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट। आंतिया तालाब के पास स्थित मैदान पर खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है। इसमें कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग कर रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रताप रायकवार रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से हमेशा खेल भावना से ही खेल खेलने का आव्हान किया। फाइनल मैच पचकुइया व गायत्री क्लब के बीच हुआ। फाइनल मैच गायत्री क्लब ने जीता। इस दौरान अर्जुन रायकवार, कुलदीप तिवारी, निखिल बाल्मिकी, राम रायकवार, निखिल रायकवार, बुलबुल रायकवार, प्रीतम रायकवार, अतुल रायकवार शिवम रायकवार आदि खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने ट्राफी एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान गणेश रायकवार (छुनमुन), प्रेमनारायण रायकवार,बबली, रघुवीर रायकवार मौजूद रहे।



## झांसी में बीडीसी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

झांसी! दीनदयाल सभागार में प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के तत्वाधान में बीडीसी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा एवं एमएलसी रमा आरपी निरंजन उपस्थित रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला ने की। मंचासीन अतिथिगणों को संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जर एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में सांसद अनुराग शर्मा ने बीडीसी संघ की मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। एमएलसी रमा निरंजन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को पट्टिका एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



उन्होंने कहा की वह बीडीसी भाइयों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी मांगों को सदन में भी उठा चुकी है,उन्हे आशा है की सरकार द्वारा जल्द ही संघ की मांगों को संज्ञान में लिया जाएगा। बीडीसी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट नवनीत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा की उनकी सरकार से मांग है की अन्य जन प्रतिनिधियों की तरह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी विकास निधि और मानदेय मिलना चाहिए जिससे वे अपने क्षेत्र का विकास करा सके। उन्होंने कहा की यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों को नही माना जाता है तो सभी बीडीसी साथी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे और सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का कार्य करेंगे।

## सुरक्षा केंद्र जिला चिकित्सालय झाँसी स्मॉल जनरल हेल्थ कैंप मसीहा गंज में हुआ

झांसी! दिनांक 9 मार्च 2024 सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र जिला चिकित्सालय झाँसी स्मॉल जनरल हेल्थ कैंप मसीहा गंज सीपरी झाँसी उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति



लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम मे एवं जिला चिकित्सालय झाँसी मे संचालित सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र के तत्वाधान में एक स्मॉल जनरल हेल्थ कैंप का आज दिनांक09.03.2024 को पूर्व नियोजित योजना के तहत एक स्मॉल जनरल हेल्थ कैंप का आयोजन बौद्धरनगर मसीहागंज सीपरी मे किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घघाटन डॉ० आरती रानी प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपरी झाँसी के कर कमलों के माध्यम से किया गया इस शिविर मे दिशा यूनिट झाँसी से अमित सक्सेना जी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अंकित मिश्रा परामर्शदाता द्वारा सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओ के बारे मे विस्तार से गया। जिसमे एचआईवी के चार कारणों एवं बचाओ के साथ साथ सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र के चक्रीय पैकेज के बारे मे बताया गया। इसी क्रम मे सुरक्षा क्लिनिक की परामर्शदाता अवधेश कुमारी पटेल द्वारा उपस्थित सभी सहभागियों को यौन संचारित संक्रमणध यौन संचारित बीमारियों के बारे मे विस्तार से बताया गया और उनको परामर्श दिया गया और उनका स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बीपी, हेपेटाइटिस बी, एचआईवी टीबी स्क्रीनिंग की जांच की गई। दिशा यूनिट झाँसी से अमित सक्सेना द्वारा (NACP) के बारे मे बताया और अंकित मिश्रा द्वारा शिविर मे मरीजों को परामर्श दिया गया, शिविर मे लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की

# अम्बर फाउन्डेशन के बैनर तहत आयोजित धन्यवाद समारोह मे उमड़ा जान सैलाब

लखनऊ 9 मार्च २०२४ वफा अब्बास द्वारा अम्बर फाउन्डेशन के माध्यम से किए गये अच्छे कार्य से जनता में जो प्रेम उमड़ा उसको श्री राजनाथ सिंह के लिए स्थानांत्रित करने के लिए आज अम्बर फाउन्डेशन के बैनर



तहत एक धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया जिसमें करीब 5000 अल्पसंख्यक जनसमूह ने कई सुन्नी और शिया उलेमा और बुद्धिजीवियों की मौजूदगी में अपना वोट खराब न करने और श्री राजनाथ सिंह को उनके द्वारा किए गये बेहतरीन कार्य के लिए समर्थन देने का आहवान किया।

रक्षा मंत्री एवं लखनऊ से लोक सभा सांसद श्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से चल रही अम्बर फाउन्डेशन बीते दिनों में शहर के जरूरतमंद और कम आय वाले क्षेत्रों में काम करने वाली संस्थाओं में सब से अग्रणी संस्था के रूप में उभरी है। 42 वर्षीय उद्योगपति वफा अब्बास द्वारा चलाई जा रही इस संस्था ने अल्पसंख्यक समुदाय के बीच कार्य किया तो भी बिना छिपाए, खुल कर कहा कि ये सारे कार्य श्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा और समर्थन से हो रहे हैं जिन्होंने उनसे बिना जाती या धर्म देखे बस अच्छा काम करते रहने की सीख दी है। इस मौके पर बोलते हुए अम्बर फाउन्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने कहा कि ये तमाम जनसमूह उनके द्वारा किए जा रहे काम से खुश हो कर एकत्रित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों के अच्छे जनसेवा कार्य के माध्यम से वह 50000 से 60000 परिवारों से जुड़ पाए। उन्होंने एकत्रित जनता से कहा कि कोई भी उनका वोट लेने आए, पहले उससे उसके द्वारा पूछे गये काम के बारे में पूछिए। यदि वह हमसे अच्छा कार्य करके दिखाए तो उसको वोट दीजिए, अन्यथा श्री राजनाथ सिंह को वोट देकर हमारे हाथ मजबूत कीजिए ताकि आप के इलाके के कार्य ज्यों के त्यों होते रहें।

बीते एक वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प लगाकर और आंखों की जांच कराकर 25000 चश्मे मुफत में देने के अतिरित 3000 मोतिया बिन्द के आप्रेशन, 1000 गरीब बच्चों की फीस, कई हजार बच्चों को स्वेटर और बुजुर्गों को कम्बल बांटने और दिव्यांगो को ट्राईसाईकिल बांटने के अतिरिक्त अम्बर फाउन्डेशन के क्लैक्टर बिटिया प्रोग्राम में गरीब घरों की 13 बच्चियां का च्यन उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज की परीक्षा मे हो चुका है और आगामी परीक्षा में कई दूसरी बच्चियों का च्यन अपेक्षित है। इस मौके पर क्लैक्टर बिटिया के तहत आईएएसध्पीसीएस की कोचिंग कर रही तीन बच्चियों फिज्जा फातिमा, ज्योति सोनी और वरिषा कुरैशी ने अपने विचार रखते हुए अम्बर फाउन्डेशन का आभार प्रकट किया कि उसने उन्हें अपसे सपने पूरे करने का मौका दिया। व्द्ध अब्दुल अजीज जिनकी आंखों का आप्रेशन अम्बर फाउन्डेशन के माध्यम से हुआ कि वफा अब्बास द्वारा प्रदान की गई सहायता के कारण वह जिसका समर्थन करने को कहेंगे उसका साथ देंगे। वफा अब्बास ने कहा कि जो कार्य हमने किया ये दूसरी पार्टियों से जुड़े लोग भी कर सकते थे। सरकार द्वारा चलाए जा रहे अनेक जनकल्याण प्रोग्राम ऐसे हैं जिन से जनता को जोड़ा जाए तो उन्हें लाभ मिलेगा। लेकिन वे जनता में जा कर कार्य नहीं करते ताकि चुनाव समय बता सकें कि ये ये कार्य नहीं हुए।

उपस्थित अल्पसंख्यक जनसमूह को संबोधित करते हुए वफा अब्बास ने कहा कि श्री राजनाथ सिंह जीत कर तो आ ही रहे हैं। श्री राजनाथ सिंह का सहयोग करके यदि अल्पसंख्यक समुदाय जीत का हिस्सा बनता है तो उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि हर सरकारी योजना को जनता तक पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा। पुराने लखनऊ के दिल में स्थित घंटाघर के मैदान में जनता ने जमा हो कर अम्बर फाउन्डेशन द्वारा चलाए जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति न केवल अपना आभार जताया बल्कि अम्बर फाउन्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास द्वारा श्री राजनाथ सिंह का समर्थन करने की अपील का भी हाथ उठा कर स्वागत किया।

समारोह में अम्बर फाउन्डेशन चेयरमैन वफा अब्बास के अतिरिक्त सुन्नी व शिया समुदाय के अनेक धर्मगुरूओं और उलेमा ने उपस्थित होकर श्री राजनाथ सिंह के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया। सुन्नी समुदाय से मौलाना फैजान अतीक फिरंगीमहली (मैनेजर जामिया बहरूल उलूम फिरंगीमहल), शरीफुल हसन (मैनेजर मदरसा वारसिया गोमती नगर), कारी शम्स तबरेज (प्रिंसिपल शेखुल आलम साबरिया चिश्तिया अबरार नगर), कारी सलाहुददीन (मैनेजर जामिया दारूल मसूद इंद्रानगर), मौलाना बदरूद्दीन (प्रिंसिपल मदरसा निजामिया मलहौर), कारी मौहम्मद शमी (प्रिंसिपल मदरसा गौसिया तालीमुल कुरान निशातगंज), कारी मौहम्मद सिददीकी कादरी (खतीब रजाए हक मस्जिद अबरार नगर) एवं शिया समुदाय से मौलाना सैयद रजा हुसैन, मौलाना मजहर इमाम, मौलाना सैयद रजा काजिम तकवी (प्रिंसिपल सैयदुल मदारिस अमरोहा), मिरजा शाहिद अलहुसैनी (प्रोफैसर फारसी अलमुस्तफा ओपन यूनिवर्सिटी ईरान), मौलाना एस अली महशर नकवी, मौलाना सैयद तफसीर हसन रिजवी, मौलाना सैयद हसन अब्बास आबिदी नजफी (मुकीमे हाल नजफ ए अशरफ ईराक), मौलाना सैयद जिब्रील इजतेहादी, मौलाना सैयद नकी मेहदी, मौलाना सैयद शबाहत हुसैन, मौलाना सैयद फीरोज अब्बास नकवी उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त श्रीमति नसीम बानो चिकनाकरी के लिए पद्मश्री ने भी अल्पसंख्यक जनता को संबोधित किया।प्रोग्राम की अध्यक्षता मौलाना सैयद रजा हुसैन ने की। मौलाना रजा हुसैन ने भी उपस्थित जनता से श्री राजनाथ सिंह को सपोर्ट करने की अपील की। वफा अब्बास के कार्य से प्रेरित होकर कांग्रेस छोड़ वफा अब्बास से जुड़े अली आगा ने अरशद नगरामी के साथ मंच का संचालन किया।

# संपादकीय

## मूलभूत सिद्धांत की पुष्टि

कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, या इंटरनेट से ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। मुकदमा चलाने के लिए ऐसा ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टतरू कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है।

अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है। कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, अथवा इंटरनेट पर मौजूद ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। ऐसी गतिविधियों के कारण किसी पर अभियोग लगाया जाएगा, तो यह संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगा।

दो जजों की बेंच ने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इस बात का ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि इंटरनेट पर नक्सली या कम्युनिस्ट नजरिए वाली सामग्रियों को ढूंढना एक आम चलन है। लोग चाहें तो ऐसी सामग्रियां स्कैन या डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें ऐसे वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें हिंसक प्रकृति का माना जाएगा।

चूंकि साईबाबा और पांच अन्य लोगों पर ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यूएपीए लगा दिया गया था, इसलिए कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। इस बीच ये पांचों लोग पांच साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं। अब यह जाहिर है कि उन्हें ऐसे आरोप में जेल में रखा गया, तो असल में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत जुर्म नहीं है। इस रूप में उनके लिए न्याय की प्रक्रिया ही दंड बन गई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा अनगिनत अन्य व्यक्तियों के साथ भी हो रहा है। अगर न्यायपालिका आज भी जमानत को नियम और जेल को अपवाद मानने के सिद्धांत से प्रेरित रहती, तो शायद इस स्थिति से बचा जा सकता था।

## गोल्ड क्यों चमक उठा ?

अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक औंस सोने का भाव 2100 डॉलर से ऊपर चला गया है। सोने के भाव में इस बढ़ोतरी के साथ–साथ क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत ने भी रिकॉर्ड बनाया है। इन दोनों घटनाओं में आपसी रिश्ता है।

दुनिया भर में सोने की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है। भारत में प्रति दस ग्राम (24 कैरेट) सोने का भाव 65 हजार रुपये के पार चला गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक औंस सोने का भाव 2100 डॉलर से ऊपर चला गया। सोने के भाव में इस बढ़ोतरी के साथ–साथ क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत ने भी रिकॉर्ड बनाया है। एक बिटकॉइन की कीमत 69 हजार डॉलर पार कर गई है। इन दोनों घटनाओं में आपसी रिश्ता है।

यह इस बात का संकेत हैं कि दुनिया भर में निवेशक अमेरिकी वित्तीय संपत्तियों से पैसा निकाल कर अधिक मुनाफा देने वाली या अधिक भरोसेमंद संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं। इसका तात्कालिक कारण यह बताया है कि अमेरिका का फेडरल रिजर्व जल्द ही ब्याज दरों में कटौती करने वाला है, जिससे अमरेरिकी ट्रेजरी बिल, बॉन्ड आदि में निवेश पर मुनाफा घट जाएगा। लेकिन यह सिर्फ फौरी वजह है। जबकि सोने में पैसा लगाना एक दीर्घकालिक रुझान बन चुका है। सोने की सबसे ज्यादा मांग चीन में बढ़ी है, जहां का शेयर बाजार सरकारी नीतियों के कारण अनिश्चय में है।

ऐसे में निवेशक सोने का सहारा ले रहे हैं। अमेरिका में बड़ी कंपनियों के शेयरों के भाव फिलहाल रिकॉर्ड बना रहे हैं, लेकिन आशंका यह है कि वहां एक बबूला तैयार हो रहा है, जिसका देर–सबेर फूटना तय है। वैसे भी अमेरिका सरकार पर तेजी से बढ़ते कर्ज कारण पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बारे में इस समय कयासों का दौर है। एक आकलन के मुताबिक अमेरिका सरकार पर हर 100 दिन पर एक बिलियन डॉलर का कर्ज बढ़ रहा है। जल्द यह स्थिति आने वाली है, जब अमेरिका को हर साल एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक रकम सिर्फ ब्याज के रूप में चुकानी होगी। इस पर आम राय है कि यह स्थिति टिकाऊ नहीं है। लेकिन इसका कोई सहज समाधान भी नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में अमेरिकी मुद्रा डॉलर में भरोसा घटना लाजिमी है। खासकर उस समय तो और भी ज्यादा जब ब्रिक्स समूह अंतरराष्ट्रीय कारोबार में इस मुद्रा का विकल्प तैयार करने में गंभीरता से जुटा हुआ है। परिणाम है सोने का और चमक उठना।

## ट्रंप को क्या हैली करेगी समर्थन ?

जो होना ही था वह हो गया है। जो अपरिहार्य था, उसे निक्की हैली ने मान लिया है। वे राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गई हैं। सुपर ट्यूसडे (अर्थात राष्ट्रपति चुनाव के वर्ष का वह दिन जब सबसे बड़ी संख्या में राज्यों में प्राइमरीज होते हैं) उनके लिए कतई सुपर साबित नहीं हुआ। अब यह तय हो गया कि अमेरिका में पिछले चुनाव में जिन दो बुजुर्गों का मुकाबला हुआ था, वे इस बार भी आमने–सामने होंगे।

यह भी तय हो गया है कि रिपब्लिकन मतदाताओं में डोनाल्ड ट्रंप के प्रति जबरदस्त समर्थन है और उनके मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) मार्का समर्थकों का पार्टी में बोलबाला है।ये पूरी तरह उनके साथ हैं और उनकी बचकानी बातों के बावजूद उनके कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। हालांकि राष्ट्रपति चुनाव की तस्वीर साफ हो चुकी है, लेकिन अब भी कई सवाल हवा में तैर रहे हैं। खासकर डोनाल्ड ट्रंप के बारे में। क्या एमएजीए समर्थकों के अलावा अन्य मतदाताओं में भी उनकी स्वीकार्यता है? इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या हैली व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन करेंगीं?क्या इस बात की कोई संभावना है कि कानूनी पचड़ों के चलते ट्रंप व्हाईट हाऊस तक का सफर पूरा न कर पाएं? इनमें से अंतिम संभावना के केवल संभावना ही बने रहने की ज्यादा है क्योंकि अमरीकी न्याय प्रणाली भी भारतीय न्याय प्रणाली की कछुए की गति से काम करती नजर आ रही है। पहले चर्चा निक्की हैली और उनके समर्थकों पर। सुपर टयूजडे को हैली ने वरमाउंट के प्रायमरी में जीत हासिल की।वे इसके पहले वाशिंगटन डीसी में विजयश्री हासिल कर चुकी थीं। मंगलवार को जिन राज्यों में मतदान हुआ उन सभी में उन्हें अपेक्षा से अधिक वोट प्राप्त हुए और ट्रंप और उनके बीच वोटों का अंतर जनमत संग्रहों के अनुमानों से काफी कम रहा। नमूना सर्वेक्षणों के अनुसार 25 से 40 प्रतिशत के बीच रिपब्लिकन मतदाता और कंजरवेटिव इंडिपेंडेंट, ट्रंप के खिलाफ हैं और हैली लगभग इन सभी के वोट हासिल करने में कामयाब रहीं।

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़

आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम–गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते–गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोडने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं



का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस ने पूरे देश में विपक्ष को एनडीए के खिलाफ इकठ्ठा करने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार किया, तब उसे लगा था कि देश की सत्ता तक पहुंचने के लिए यह रास्ता आसान होगा। लेकिन, एक–एक कर इंडिया गठबंधन से पार्टियां अलग होती चली गईं। सबसे पहले नीतीश कुमार जिन्होंने इस गठबंधन के लिए सबको इकठ्ठा किया था बीजेपी के साथ हो लिए। फिर ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को भी कांग्रेस का साथ रास नहीं आ रहा। ममता कांग्रेस पर निशाना साध रही हैं तो अरविंद केजरीवाल जिस तरह से लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का दावा कर रहे हैं उससे साफ हो गया है कि वह एकला चलो रे की राह पर बढ़ रहे हैं। एनसीपी और शिवसेना टूटी और उनका नेतृत्व जिनके हाथ में है, वह कांग्रेस का विरोध करते रहे हैं। कांग्रेस के 10 साल के समय को देखें तो पता चल जाएगा कि एक तरफ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से पार्टी की जमीन देश में मजबूत करने की कोशिश हो रही है, दूसरी तरफ पार्टी के दिग्गज और युवा नेताओं ने एक–एक कर पार्टी का साथ छोड़ दिया है। कांग्रेस को छोड़ते समय इनमें से ज्यादातर नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और खासकर राहुल गांधी पर उनकी अनदेखी के आरोप लगाए। इनमें से जिन्होंने भी बीजेपी का दामन थामा, उन्हें पार्टी ने जगह भी दी। कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को बाहर का रास्ता दिखाया तो अब उनके भी बीजेपी में शामिल होने की बात कही जा रही है। पार्टी के नेताओं के असंतोष पर ध्यान दें तो पता चलेगा कि बड़े–छोटे देशभर के हर प्रदेश से कुल मिलाकर 400 से ज्यादा की संख्या में अलग–अलग स्तर के नेता कांग्रेस का दामन छोड़ चुके हैं। जर्जर होती कांग्रेस की इसी हालत का फायदा इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों ने उठाया है। क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ लोकसभा की सीटों के मोलभाव अपनी सुविधा के हिसाब से कर रहे रहे हैं। लाचार कांग्रेस के पास क्षेत्रीय दलों की शर्तें मानने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं बचा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मजबूरी में समझौते किए हैं। यह बात दीगर है कि कभी इन राज्यों में कांग्रेस के दुदंभी बजती थी। दरअसल भाजपा के ताकतवर होने होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस अपनी किसी भी नीति और सिद्धांत पर कायम नहीं रह सकी। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के ढहते किले में तोडफोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसे हाशिए पर लाने में कसर बाकी नहीं रखी।

# एक साथ चुनाव,आम सहमति जरूरी

अजीत द्विवेदी

विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने श्एक देश, एक चुनाव्य के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है।

चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है।

कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी श्एक देश, एक चुनाव्य शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोडने की सिफारिश करने वाली है।

उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है।

इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने श्एक देश, एक चुनाव्य के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 140 करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 50 लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे।एक तरफ 50 लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है? इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है? ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी श्एक देश, एक चुनाव्य के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 50 फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है।

दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है। क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी?

इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने श्एक देश, एक चुनाव्य के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। पार्टियों ने इसे संविधान द्वारा बनाए गए संघीय ढांचे के प्रतिकूल कहा है। हालांकि सरकार का तर्क है कि आजादी के बाद तीन लोकसभा चुनावों तक ऐसा होता रहा था। लेकिन सबको पता है कि 1967 में यह चक्र टूट गया और उसके बाद से देश की राजनीतिक परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब हालात 1952 या 1957 या 1962 वाले नहीं हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और समय के साथ हर राज्य की एक अनोखी सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था विकसित हुई है।

अगर इसमे एकरुपता लाने की कोशिश होती है तो उससे विविधता और बहुलता को भी नुकसान होगा और साथ ही संघवाद की धारणा भी प्रभावित होगी। पूरे देश में एक राष्ट्रीय नैरेटिव पर चुनाव कराना भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के लिए ठीक नहीं है। अगर पहले तीन चुनाव में ऐसा हुआ है तो उसके 60 साल बाद जरूरी नहीं है कि उस व्यवस्था को लौटा लाया जाए।सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र और चुनाव बगैर विपक्ष की भूमिका के संभव नहीं हैं। अगर सरकार चाहती है कि देश में लोकतंत्र का तमाशा नहीं बने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव एक औपचारिकता बन कर न रह जाए तो उसे विपक्ष को इस प्रक्रिया में शामिल करना होगा। भारत को जीवंत और जाग्रत लोकतंत्र बनाए रखने के लिए इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को भी शामिल करना होगा।मतदाताओं की व्यापक भागीदारी के बिना अगर सरकार अपनी मर्जी से एक देश, एक चुनाव के विचार को लागू करती है

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपको आर्थिक उतार–चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिल सकती है। आज अपनी काबिलियत से काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। कुछ लोग आपके लिए खास साबित हो सकते हैं साथ ही किसी जरूरी काम में आपको दोस्तों का स्पोर्ट भी मिल सकता है।

वृष राशि–आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिले सकती है। आज आपको किसी से उपहार भी मिल सकता है। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे।

मिथुन राशि–आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कारोबारी की व्यावसायिक साझेदारी में अपनों से सलाह जरूर लें, ऐसा करने से आपको आज काफी फायदा हो सकता है।

कर्क राशि–आज आपका दिन बेहद ही शुभ रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिशतो में भी सुधार आ सकता है। आपका भौतिक सुख–सुविधाओं की तरफ रूझान बढ़ सकता है। आगर आज आपके मन में कोई बात दबी हुई हो तो उसे खुलकर सामने लाएं।

सिंह राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन किसी खास कामों के लिए बेहतर है। आपके अच्छे अनुभव के कारण आपके साथी आपसे कुछ सलाह ले सकते हैं। आज घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। या आज शाम को आप घर पर पार्टी का प्लान भी बना सकते हैं। आपको रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या राशि–आज अपको शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति मिल सकती है। अपने कॉन्फिडेंस को जरा भी कम होने ना दें ऐसा करने से आपके लगभग हर काम सफल होंगे। साथ ही आज आपका भाग्य भी आपका साथ देगा और कुछ अच्छे मौकों के अवसर भी आपको मिल सकते हैं। कला या किसी रचनात्मक काम में आपका रूझान बढ़ेगा।

तुला राशि–ाज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। लेकिन थोड़ी काम की उलझनों में आप फंस सकते हैं। आपको आज कोई बड़ा और अलग काम करने से बचना चाहिए। आपसे छुपी हुई कुछ बातें आज आपके सामने भी आ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ आप समय बिता सकते हैं।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नए कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन बेहद शुभ है। साहित्य से जुड़े लोगों को उनकी काबिलियत के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

धनु राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको आज अचानक धन का भी लाभ हो सकता है। आय के नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा।

मकर राशि–आज आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नए रास्ते नजर आ सकते हैं। आज आपको अपने जीवनसाथी से कोई ऐसी चीज भी मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था।

कुंभ राशि–आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता का रस घुलेगा। आपके मन में सकारात्मकता रहेगी।

मीन राशि–आज आपके मन में नए–नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। लेकिन जिम्मेदारियों के बोझ से आपका मूड़ थोड़ा खराब हो सकता है, लेकिन शाम तक मूड़ ठीक हो जाएगा।

# अमेरिका के पास है एरिया 51 में यूएफओ और एलियन ? पेंटागन की ताजा रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

पेंटागन के हाल ही में सेवानिवृत्त यूएफओ प्रमुख डॉ. सीन किर्कपैट्रिक के साथ काम करते हुए – 2001 से 2020 तक, 21वीं सदी में 20 साल की अवधि में फैली लगभग 98,000 कुल यूएफओ रिपोर्टों का विश्लेषण किया। पेंटागन के हाल ही में सेवानिवृत्त यूएफओ प्रमुख डॉ. सीन किर्कपैट्रिक के साथ काम करते हुए – 2001 से 2020 तक, 21वीं सदी में 20 साल की अवधि में फैली लगभग 98,000 कुल यूएफओ रिपोर्टों का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने आक्रामक रूप से डेटा को क्रॉस–रेफर किया। स्थानीय जनसंख्या घनत्व, प्रकाश प्रदूषण स्तर, वार्षिक बादल आवरण, श्वृक्ष छत्रश आवरण, हवाई अड्डों और सैन्य अड्डों से निकटता और कई अन्य कारक जो यूएफओ देखे जाने की संख्या को प्रभावित करते हैं।दशकों पुरानी कथित एलियन मुठभेड़ों की जांच के लिए स्थापित पेंटागन कार्यालय को इस दावे का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि उनमें से कोई भी घटना वास्तविक रूप से अलौकिक लोगों को देखे जाने की थी। कार्यालय ने इस दावे को भी खारिज कर दिया कि अमेरिका के पास विदेशी प्रौद्योगिकी को रिवर्स–इंजीनियर करने के लिए एक कार्यक्रम था



या वह इसे कवर कर रहा था। हालाँकि कुछ मामले अस्पष्टीकृत हैं, लगभग हर मामले में रिपोर्टें मनगढ़ंत थीं या उनमें अधिक सांसारिक स्पष्टीकरण थे। पेंटागन के ऑल–डोमेन विसंगति समाधान कार्यालय की 63 पेज की रिपोर्ट के मुताबिक, अन्य हवाई ड्रोन और उपग्रहों के आसपास शीर्ष–गुप्त सरकारी कार्यक्रमों पर भ्रम से उत्पन्न हुए थे जिनका एलियंस से कोई लेना–देना नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया है, ष्वर्गीकरण के सभी स्तरों पर सभी जांच प्रयासों से यह निष्कर्ष निकला कि अधिकांश दृश्य सामान्य वस्तुएं और घटनाएं थीं और गलत पहचान का परिणाम थीं।ष गुप्त सरकारी कार्यक्रमों के दावे ष्व्यक्तियों के एक समूह की परिपत्र रिपोर्टिंग का परिणाम थे जो किसी भी सबूत की कमी के बावजूद ऐसा मानते हैं। ये निष्कर्ष उन अमेरिकियों को हतोत्साहित करने में बहुत कम मदद करेंगे जो मानते हैं कि सरकार विदेशी दौरे के व्यापक इतिहास को छिपा रही है। लेकिन यह वह पेश करता है जिसे पेंटागन 1947 की रोसवेल दुर्घटना – वास्तव में एक गिरा हुआ सैन्य गुब्बारा – से लेकर उड़न तश्तरियों की कुछ शुरुआती रिपोर्टों तक, जो शायद ट–173 ष्उड़न पैनकेकष एक कार्यक्रम था, सब कुछ खध्त्म करने का एक निश्चित प्रयास के रूप में देखता है। उपेंटागन ने कार्यालय की स्थापना की और विदेशी दर्शन में रुचि की एक ताजा वृद्धि के जवाब में समीक्षा शुरू की, जो कि नौसेना के एविएटर्स द्वारा लिए गए रहस्यमय वीडियो के 2020 रिलीज से प्रेरित थी। उन्होंने वस्तुओं को तेज गति से उड़ते हुए और ऐसे तरीकों से चलते हुए दिखाया जो स्पष्टीकरणों को झुठलाते थे। हालाँकि, रिपोर्ट में उन देखे जाने की व्याख्या नहीं की गई है। शुक्रवार की रिपोर्ट में 1940 के दशक के एलियन मुठभेड़ों के दावों की समीक्षा की गई, वर्गीकृत और अवर्गीकृत अभिलेखागार पर शोध किया गया और दर्जनों साक्षात्कार आयोजित किए गए। इसने सोवियत संघ के साथ शीत युद्ध, अत्यधिक सरकारी गोपनीयता और अधिकारियों में अविश्वास सहित ष्सांस्कृतिक, राजनीतिक और तकनीकी कारकों की एक श्रृंखलाष के दावों में समय–समय पर वृद्धि की। 2023 रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के हिस्से के रूप में कानून द्वारा कांग्रेस को रिपोर्ट देना आवश्यक था, और इसके बाद अतिरिक्त दावों की जांच करने वाली दूसरी रिपोर्ट आएगी। हालाँकि इसने रिपोर्टों को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन यह सावधानी बरती गई कि उन लोगों के इरादों पर संदेह न किया जाए

जो एलियंस को देखने का दावा करते हैं। कार्यालय ने कहा कि ष्मानता है कि बहुत से लोग ईमानदारी से इन मान्यताओं के संस्करण रखते हैं जो पिछले अनुभवों की

उनकी धारणा, दूसरों के अनुभवों पर आधारित होते हैं जिन पर वे भरोसा करते हैं, या मीडिया और ऑनलाइन आउटलेट जिन्हें वे विश्वसनीय और सत्यापन योग्य जानकारी के स्रोत मानते हैं।

# डिप्लोमेसी, इकोनामी और ट्रेड..भारत से दोस्ती और मजबूत करना चाहता है तालिबान

पाकिस्तान के धार्मिक कार्ड को खारिज करते हुए तालिबान सरकार ने भारत के साथ जाने का विकल्प चुका है। ऐसे में आपको बताते हैं कि आखिर हिंदुस्तान ने कैसे अफगानिस्तान का दिल जीता। कैसे चीन और पाकिस्तान देखते रह गए। बाजी भारत के हाथ लग गई। दुनिया के कुछ देश भौगोलिक तौर पर विस्तारवाद की नीति अपनाते हैं। इसके लिए छल का सहारा लेते हैं। लेकिन भारत मानवीय आधार पर लकीर खीचता है और मित्रता के आधार पर अपनी सीमाओं का विस्तार करता है। रणनीतिक तौर पर अहम चाबाहार पोर्ट को लेकर अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। पाकिस्तान के धार्मिक कार्ड को खारिज करते हुए तालिबान सरकार ने भारत के साथ जाने का विकल्प चुका है। ऐसे में आपको बताते हैं कि आखिर हिंदुस्तान ने कैसे अफगानिस्तान का दिल जीता। कैसे चीन और पाकिस्तान देखते रह गए। बाजी भारत के हाथ लग गई। अफगानिस्तान ने अपने पड़ोसी



पाकिस्तान की हसरतों पर पानी फेरते हुए भारत की सुनी और चाबहार पोर्ट पर निवेश के जरिए भी भारत और ईरान के साथ जुड़ गया। जाहिर है चाबहार से चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने लगी है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने काबुल में अफगान अधिकारियों के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की। चर्चा अफगान लोगों को भारत की मानवीय सहायता के साथ–साथ अफगान व्यापारियों द्वारा चाबहार बंदरगाह के इस्तेमाल पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान प्रभाग के प्रमुख संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अफगान सरकार के वरिष्ठ सदस्यों, पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अधिकारियों और अफगान व्यापार समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के लोगों को भारत की मानवीय सहायता पर चर्चा की और अफगान व्यापारियों द्वारा चाबहार बंदरगाह के इस्तेमाल पर भी चर्चा की। अफगानिस्तान सरकार के एक बयान में कहा गया है कि सिंह और मुत्तकी ने सुरक्षा, व्यापार और नशीले पदार्थों का मुकाबला करने के तरीको से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त करते हुए मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है। भारत इस बात पर भी जोर दे रहा है कि अफगान धरती का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। बता दें कि भारत ने पिछले दिनों अफगानिस्तान के हालात पर मानवीय आधार पर मदद के हाथ बढ़ाए थे। आंकड़ों से ये बात साबित भी होती है 15 दिसंबर 2023 को सरकार ने संसद में बताया कि तालिबान के सत्ता में वापसी के बाद भी भारत ने स्वतंत्र एजेंसियों के जरिए बड़े पैमाने पर अफगानिस्तान को मदद भेजी इसके तहत 50 हजार मैट्रिक टन गेहूं भेजा गया। उसके बाद 250 टन मेडिकल सहायता भी अफगानिस्तान को भेजी गई जबकि भूकंप आया तो 28 टन राहत सामग्री भेजी गई।

# कौन है रूसी सेना में भारतीयों को फंसाने वाला फैसल खान ? धर्म परिवर्तन कराने भी आरोप

फैसल अब्दुल मुतल्लिब खान के रूप में की गई है, जो एक भर्ती एजेंसी और बाबा व्लॉग्स नामक एक लोकप्रिय यूट्यूब चौनल चलाता है। रिपोर्टों के अनुसार, उसने कथित तौर पर कई भारतीय लोगों को रूसी सेना में गैर–लड़ाकू भूमिकाओं में आकर्षक नौकरियों का वादा करके रूस बुलाया था। हालाँकि, उनमें से कई को बाद में युद्ध में धकेल दिया गया। यूक्रेन–रूस युद्ध में धोखे से फंसाए जाने के बाद दो भारतीयों की मौत के बाद एक भारतीय व्यक्ति की भूमिका सामने आई है, जिसने कई लोगों को रूसी सेना में आकर्षक नौकरी दिलाने का वादा किया था। उस व्यक्ति की पहचान फैसल अब्दुल मुतल्लिब खान के रूप में की गई है, जो एक भर्ती एजेंसी और बाबा व्लॉग्स नामक एक लोकप्रिय यूट्यूब चौनल चलाता है। रिपोर्टों के अनुसार, उसने कथित तौर पर कई भारतीय लोगों को रूसी सेना में गैर–लड़ाकू भूमिकाओं में आकर्षक नौकरियों का वादा करके रूस बुलाया था। हालाँकि, उनमें से कई को बाद में युद्ध में धकेल दिया गया। सितंबर 2023 में ऐसे ही एक वीडियो में फैसल खान ने अपने दर्शकों से वादा किया था कि रूसी सेना में शामिल होने वालों को मोटी तनख्वाह के अलावा एक सरकारी कार्ड भी मिलेगा, जो उन्हें स्थायी निवास पाने में मदद करेगा। उन्होंने कथित तौर पर रूसी सेना में सहायक भूमिकाओं में नौकरी का वादा करके बड़ी संख्या में भारतीयों को रूस भेजा। उनमें



से एक मोहम्मद अफसान थे, जो यूक्रेन में युद्ध में मारे गए थ फैसल खान एक मैनपावर कंसल्टेंसी फर्म चलाते हैं, जो कई देशों में कर्मचारी उपलब्ध करती है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष के बीच है। फैसल खान ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्होंने 35 लोगों को रूस भेजा. उन्हें रूस में संचालकों ने बताया था कि उन्हें अग्रिम मोर्चे पर तैनात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह खुद पीड़ित हैं। फैसल खान ने दावा किया कि उन्होंने उन्हें वापस लाने की कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों के रूस पहुंचने के बाद जो हुआ वह उनके नियंत्रण से बाहर था।

# क्षेत्रों में इजरायली बस्तियां युद्ध अपराध के समान, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में बताया

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि वेस्ट बैंक पहले से ही संकट में है। फिर भी, बसने वालों की हिंसा और निपटान संबंधी उल्लंघन चौंकाने वाले नए स्तर पर पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में इजरायली बस्तियों की स्थापना और विस्तार युद्ध अपराध के बराबर है। रिपोर्ट 1 नवंबर, 2022 से 31 अक्टूबर, 2023 तक की एक साल की अवधि को कवर करती है, जब यह कहती है कि वेस्ट बैंक में मौजूदा बस्तियों में लगभग 24,300 आवास इकाइयाँ उन्नत थीं। निगरानी शुरू होने के बाद से एक साल में सबसे अधिक संख्या 2017 में। इसने हाल के महीनों में नए निपटान घरों के निर्माण में वृद्धि की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि वेस्ट बैंक पहले से ही संकट में है। फिर भी, बसने वालों की हिंसा और निपटान संबंधी उल्लंघन चौंकाने वाले नए स्तर पर पहुंच गए हैं। इस सप्ताह की



रिपोर्ट कि इजराइल तीन क्षेत्रों में लगभग 3,500 बसने वालों के घर बनाने की योजना बना रहा है। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा, तुर्क ने कहा कि बस्तियों का निर्माण और विस्तार इजरायल द्वारा अपनी आबादी को अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के बराबर है, ष्जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध की श्रेणी में आता है। जिनेवा में इजराइल का राजनयिक मिशन नियमित रूप से तुर्क के कार्यालय पर फिलिस्तीनी चरमपंथियों द्वारा इजरायलियों के खिलाफ हिंसा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में फिलिस्तीनी आतंकवाद के कारण हमलों में 36 इजरायलियों की मौत और लगभग 300 अन्य के घायल होने की बात को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया।

# बाइडेन और ट्रंप के बीच तेज हुई जुबानी जंग, यूएस राष्ट्रपति को बताया गुस्सैल और दिमागी तौर पर हिला हुआक्रया दे रहे थे, जिसमें

81 वर्षीय डेमोक्रेट ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, 6 जनवरी कैपिटल हिल्स हिंसा, गर्भपात, आव्रजन पर उनकी हालिया टिप्पणी से लेकर कई मुद्दों पर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की थी। बाइडने एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। डोनाल्ड ट्रम्प जो बाइडेन और उनके स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति क्रोधित और मानसिक रूप से परेशान थे और ट्रम्प डिरेंजमेंट सिंड्रोम के एक टर्मिनल मामले से पीड़ित हैं। रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार ट्रम्प अपने प्रतिद्वंदी बाइडेन के अंतिम स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें 81 वर्षीय डेमोक्रेट ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, 6 जनवरी कैपिटल हिल्स हिंसा, गर्भपात, आव्रजन पर उनकी हालिया टिप्पणी से लेकर कई मुद्दों पर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की थी। बाइडने एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में ट्रंप का नाम लेने कि बजाए परोक्ष रूप से उन्हें 13 बार अपने ष्पूर्ववर्तीष के रूप में संदर्भित किया। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा कि बाइडेन ट्रम्प डिरेंजमेंट



सिंड्रोम के एक टर्मिनल मामले से पीड़ित हैं, जिसे केवल महाभियोग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। बाइडेन के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए, ट्रम्प ने कहा कि वह गुस्से में थे। मानसिक रूप से परेशान थे और उन्होंने जिस भी विषय पर चर्चा की, उससे संबंधित कई तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि वह इससे उबर गए। वह अभी भी सांस ले रहे हैं और उन्हें उन्हें स्ट्रेटजैकेट में बाहर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ी। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, इसके अलावा, मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत ही भयानक काम किया है।

# हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी, भले ही...जापान में जयशंकर का बड़ा बयान

जयशंकर भारत की राजनीतिक स्थिरता और क्या आगामी आम चुनाव विदेश नीति को प्रभावित करेगा, इस बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उम्मीद है कि अधिकारी जल्द ही मई में चुनाव कराने की घोषणा करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 08 मार्च को निक्केई फोरम में स्थिर भारत सरकार पर पूछे गए सवाल पर कहा कि भारत अगले कई वर्षों तक स्थिर रहेगा, जिस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब दिया, श्हांश 100: हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी। भारत–जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी के विषय पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी नेतृत्व के परिणामस्वरूप साहसिक निर्णय लेने में मदद मिलती है। जयशंकर भारत की राजनीतिक स्थिरता और क्या आगामी आम चुनाव विदेश नीति को प्रभावित



करेगा, इस बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उम्मीद है कि अधिकारी जल्द ही मई में चुनाव कराने की घोषणा करेंगे। सौ फीसदी, हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी। यह 20 साल या उससे अधिक समय का भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर देश में विकास अलग–अलग होता है, भारत का अनुभव यह रहा है कि राजनीतिक स्थिरता की कमी या संसद में बहुमत की अनुपस्थिति ष्बहुत बड़ा अंतर पैदा करती है। जयशंकर ने कहा कि मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता वाला सुधारवादी नेतृत्व साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है और संसद में बहुमत भी उतना ही महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि भारत के मामले में देश में पिछले 10 वर्षों से ये स्थितियां हैं और हमें उम्मीद है कि यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में हमने ऐसे फैसले देखे हैं जिन पर वर्षों तक बहस हुई, लेकिन अचानक आपको ऐसा करने की क्षमता मिल गई। उन्होंने कहा

कि भारत के मामले में, देश में पिछले 10 वर्षों से ये स्थितियां हैं और हमें उम्मीद है कि यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में हमने ऐसे फैसले देखे हैं जिन पर वर्षों तक बहस हुई, लेकिन अचानक आपको ऐसा करने की क्षमता मिल गई।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा पर एक छात्र को सजा–ए–मौत, पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक मैसेज किए थे

17 वर्षीय एक अन्य छात्र को मौत की सजा के बजाय आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई क्योंकि वह नाबालिग है। पाकिस्तान में ईशनिंदा की सजा मौत है। हालाँकि, इसके लिए राज्य द्वारा अब तक किसी को भी फाँसी नहीं दी गई है, लेकिन कई आरोपियों को आक्रोशित भीड़ ने पीट–पीट कर मार डाला है।पाकिस्तान में एक 22 वर्षीय छात्र को व्हाट्सएप संदेशों पर ईशनिंदा के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक अदालत ने कहा कि छात्र को उन तस्वीरों और वीडियो के लिए मौत की सजा दी गई थी, जिनमें पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक शब्द थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 17 वर्षीय एक अन्य छात्र को मौत की सजा के बजाय आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई क्योंकि वह नाबालिग है। पाकिस्तान में ईशनिंदा की सजा मौत है। हालाँकि, इसके लिए राज्य द्वारा अब तक किसी को भी फाँसी नहीं दी गई है, लेकिन कई आरोपियों को आक्रोशित भीड़ ने पीट–पीट कर मार डाला है। छात्र के खिलाफ कार्रवाई 2022 में लाहौर में पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की साइबर अपराध इकाई द्वारा दर्ज की गई शिकायत के बाद की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे तीन अलग–अलग मोबाइल फोन नंबरों से वीडियो और तस्वीरें मिलीं। एफआईए ने कहा कि उसने शिकायतकर्ता के फोन की जांच की और पाया कि उसे अश्लील सामग्री भेजी गई थी। हालांकि, दोनों छात्रों के वकीलों ने कहा



है कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। बीबीसी ने बताया कि मौत की सजा पाने वाले दोषी के पिता लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे। इससे पहले पिछले साल अगस्त में दो ईसाई भाइयों पर कुरान को अपवित्र करने का आरोप लगने के बाद पाकिस्तान में 80 से अधिक ईसाई घरों और 19 चर्चों में तोड़फोड़ की गई थी। ईसाई महिला आसिया बीबी एक दशक तक चले ईशनिंदा विवाद के केंद्र में थी, जिसके बाद अंततः उसकी मौत की सजा को पलट दिया गया और उसके देश से भागने के साथ समाप्त हुई।

# आज चुना जाना है पाकिस्तान में नया राष्ट्रपति, आसिफ अली जरदारी की जीत लगभग तय

पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी फिर से राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। उन्होंने आज संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला है। पीएमएल–एन सीनेटर और पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार ने राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला है। पीएमएल–एन पीपीपी का गठबंधन सहयोगी है और उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया है।राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान का समय शुरू हो गया है। संसद का संयुक्त सत्र संसद भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नेशनल असेंबली और सीनेट के सदस्य अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी फिर से राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। उन्होंने आज संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला है। पीएमएल–एन सीनेटर और पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार ने राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला है। पीएमएल–एन पीपीपी का गठबंधन सहयोगी है और उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया है। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो–जरदारी ने राष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला है, जिसमें उनके पिता आसिफ अली जरदारी उम्मीदवार हैं। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो–जरदारी अपनी बहनों आसिफा और बख्तावर के साथ राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे अपने पिता आसिफ अली जरदारी के लिए वोट डालने के लिए संसद भवन पहुंचे और अपना वोट डाला। जैसे ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक को संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता करते देखा गया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया और उसके तरीके के संबंध में निर्देश दिये। राष्ट्रपति का चुनाव कैसे किया जाता है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति का चुनाव अप्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से किया जाता है। इसका मतलब है कि लोग चुनाव में मतदान नहीं करते हैंय उनके प्रतिनिधि ऐसा करते हैं।

# अनुबंध रद्द होने पर राहुल द्रविड़, खिलाड़ियों को फिट रहने और क्रिकेट खेलने की दी सलाह

राहुल द्रविड़ ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई अनुबंध रद्द होने के बाद फिट रहने और क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। दोनों खिलाड़ियों को हाल ही में बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया था। मुख्य कोच ने उनकी वापसी पर अपनी चुप्पी तोड़ी और उन्हें सलाह दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई अनुबंध रद्द होने के बाद फिट रहने और क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। दोनों खिलाड़ियों को हाल ही में बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया था। मुख्य कोच ने उनकी वापसी पर अपनी चुप्पी तोड़ी और उन्हें सलाह दी है। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद भारतीय हेड कोच राहुल द्रविड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं अनुबंध तय नहीं करता या उस पर चर्चा नहीं करता। मैं ये भी नहीं जानता कि मानदंड क्या हैं? दोनों मिश्रण में हैं और उम्मीद है कि वे क्रिकेट खेलेंगे, फिट रहेंगे और चयनकर्ताओं को उन्हें चुने के लिए मजबूर करेंगे। कोई भी विवाद से बाहर नहीं है, बिना अनुबंध वाले खिलाड़ियों ने भी खेला है। बता दें कि, ईशान किशन ने मानसिक थकान का हवाला देते हुए दक्षिण



अफ्रीका सीरीज से नाम वापस ले लिया। हालांकि, ये बोर्ड को पंसद नहीं आया। इसके बाद ईशान ने रणजी ट्रॉफी में नहीं खेला, जिस कारण बोर्ड ने ये बड़ा एक्शन लिया। वहीं श्रेयस अय्यर पिछले साल तक सभी फॉर्मेट के खिलाड़ी थे। वह अपनी फिटनेस के आधार पर टेस्ट, वनडे और टी20 में नियमित थे। लेकिन लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। उन्होंने पीठ में ऐंठन की शिकायत की और मुंबई के रणजी ट्रॉफी मैच में भाग नहीं लिया।

# सीरीज जीतने के बाद Rohit Sharma का बयान, कुलदीप-यशस्वी के कायल हुए भारतीय कप्तान

भारत ने धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से धूल चटाई। भारत ने तीन दिनों के अंदर ये मैच जीत लिया। सीरीज समाप्त होने के टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने धांसू बयान दिया है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की सराहना की है। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4–1 से अपने नाम की। भारत ने धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से धूल चटाई। भारत ने तीन दिनों के अंदर ये मैच जीत लिया। सीरीज समाप्त होने के टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने धांसू बयान दिया है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की सराहना की है। इसके साथ ही भारतीय कप्तान रोहित ने कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है। बता दें कि, कुलदीप ने धर्मशाला टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में दो विकेट चटकाए। यशस्वी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। उनके बल्ले से कुल 712 रन निकले, जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं। वहीं रोहित ने कहा कि, जब आप इस तरह से टेस्ट मैच जीतते हैं तो सभी चीजें सही होनी चाहिए। हम ये जानते हैं कि किसी स्तर पर लोग आएंगे और जाएंगे। इन लोगों के पास शायद अनुभव की कमी हो लेकिन उन्होंने काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया। इसका श्रेय पूरी टीम को जाता है और ये देखकर अच्छा लगा। जब आप इस अंदाज में सीरीज जीतते हैं तो हम रन और शतक बनाने की बात करते हैं लेकिन टेस्ट जीतने के लिए 20 विकेट लेना



अहम है। जिस तरह से गेंदबाजों ने जिम्मेदारी उठाई, वो देखना सुखद रहा। कप्तान ने आगे कहा कि, कुलदीप के साथ बातचीत हुई। हमें पता है उसमें बहुत कौशल है। उसमें काफी संभावनाएं हैं। पहली पारी में उसने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। कुलदीप ने अपनी चोट के बाद वापसी की और नेशनल क्रिकेट एकेडमी में काम किया। वह काफी प्रयास कर रहा है और सबसे सुखद बात उसकी बैटिंग है। रोहित ने ओपनर जायसवाल के बारे में बात करते हुए कहा, उसे अभी लंबा सफर तय करना है। उसे इस स्थिति में देखकर खुश हूं। जब किसी में ऐसा टैलेंट प्रतिभा हो जो शुरू से ही गेंदबाजों पर दबाव बना सके तो कमाल है। आगे चलकर उनके सामने कई सारी चुनौतियां आएंगी। वह एक मजबूत इंसान हैं और उसे चुनौतियां पसंद हैं।

# धर्मशाला टेस्ट में भारत की जोरदार जीत, अंक तालिका में टाप पर काबिज

टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 4–1 से शानदार जीत हासिल की है। मेजबान टीम ने पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड पर हावी होकर एक पारी और 64 रनों से जीत दर्ज कर ली है। धर्मशाला में इंग्लैंड की हार के बाद भारत ने अब वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इंडियन क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 4–1 से शानदार जीत हासिल की है। मेजबान टीम ने पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड पर हावी होकर एक पारी और 64 रनों से जीत दर्ज कर ली है। धर्मशाला में इंग्लैंड की हार के बाद भारत ने अब वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिसके बाद अब वह पहले नंबर पर पहुंच गई है।

# भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में बना छक्कों का वर्ल्ड रिकार्ड, 147 साल बाद रचा गया इतिहास

भारत और इंग्लैंड सीरीज में अश्विन ने 500 विकेट का रिकॉर्ड बनाया, उसके बाद जेम्स एंडरसन ने 700 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज किया। अब इस सीरीज में एक ऐसा रिकॉर्ड बना है जो पिछले 147 सालों से टेस्ट क्रिकेट में नहीं बन सका है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच इस सीरीज में 100 छक्के पूरे हुए हैं। दभारत और इंग्लैंड सीरीज एक टेस्ट सीरीज बन गई हैं। जिसमें कई तरह के नए रिकॉर्ड बने हैं। पहले इस सीरीज में अश्विन ने 500 विकेट का रिकॉर्ड बनाया, उसके बाद जेम्स एंडरसन ने 700 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज किया। अब इस सीरीज में एक ऐसा रिकॉर्ड बना है जो पिछले 147 सालों से टेस्ट क्रिकेट में नहीं बन सका है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच इस सीरीज में 100 छक्के पूरे हुए हैं। इंग्लैंड इस सीरीज में अपनी बैजबॉल शैली के साथ उतरा, लेकिन 100 छक्कों के इस महारिकॉर्ड में भारतीय बल्लेबाज आगे रहे। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने अभी तक इस सीरीज में 72 छक्के जड़े हैं। ऐसे में इस टेस्ट सीरीज को इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। सीरीज के पहले मैच में मेहमानों से 28 रनों की हार झेलने के बाद टीम इंडिया ने शानदार वापसी की। इस टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया ने इंग्लिश टीम को जीतने का कोई चांस ही नहीं दिया। हैदराबाद के बाद सीरीज का दूसरा टेस्ट विशाखापट्टनम में खेला गया, जहां भारत ने 106 रन से जीत हासिल कर सीरीज को 1–1 से बराबरी किया। उसके बाद राजकोट में भारत ने 434 रनों की बड़ी जीत हासिल कर सीरीज में 2–1 की

# रविचंद्रन अश्विन का बयान, कहा– मेरे प्रयोगों के बारे में लोग क्या सोचते हैं...

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान कहा कि, बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना भारत की विभिन्न परिस्थितियों में उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेला गया पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया और इस स्टार ऑफ स्पिनर ने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना भारत की विभिन्न परिस्थितियों में उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेला गया पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने पांच मैच की श्रृंखला में सर्वाधिक 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा,'' पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। भारत में परिस्थितियां भिन्न होती हैं।यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी अपनी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं।'' इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि अपनी गेंदबाजी में नए आयाम जोड़ने की मानसिकता से उनको फायदा हुआ है। उन्होंने कहा,''अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं।'' अश्विन ने कहा,''जब तक मैं प्रयास नहीं करूंगा तब तक मैं कैसे सीखूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर



रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।'' अश्विन ने शनिवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने इससे पहले रांची में चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भी 51 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने इन दोनों को पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करार दिया। उन्होंने कहा,''इन दोनों स्पैल में मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं। रांची में दूसरी पारी के प्रदर्शन से मुझे बहुत खुशी मिली।'' अश्विन ने अपने साथी स्पिनर कुलदीप यादव की भी जमकर प्रशंसा की जिन्होंने चार टेस्ट मैच में 19 विकेट लिए। उन्होंने कहा,''जिस तरह से गेंद कुलदीप के हाथ से निकल रही है वह अविश्वसनीय है। कलाई के स्पिनर को इस तरह के प्रवाह में देखना तथा पिछले 10 महीनों और इस श्रृंखला में उसने जिस तरह से बदलाव किये उसे देखना सुखद है।

# बीसीसीआई की बड़ी पहल, जय शाह ने किया भारतीय टेस्ट टीम के खिलाड़ियों के लिए इंसेंटिव का ऐलान

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बड़ा ऐलान भारतीय टेस्ट टीम के लिए किया है। दरअसल, बीसीसीआई सचिव ने बताया कि अब टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को मैच फीस के अतिरिक्त भी पैसा मिलेगा। एक इंसेंटिव स्कीम की घोषणा जय शाह ने की है, जिसे टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम नाम दिया गया है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 4–1 से मात दिया है। भारत की इस जीत के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोरड् यानी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बड़ा ऐलान भारतीय टेस्ट टीम के लिए किया है। दरअसल, बीसीसीआई सचिव ने बताया कि अब टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को मैच फीस के अतिरिक्त भी पैसा मिलेगा। एक इंसेंटिव स्कीम की घोषणा जय शाह ने की है, जिसे टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम नाम दिया गया है। जय शाह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे भारत की मेंस टेस्ट टीम के खिलाड़ियों के लिए श्टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीमश की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जिसका उद्देश्य हमारे सम्मानित एथलीटों को वित्तीय विकास और स्थिरता प्रदान करना है। 2022–23 सीजन से शुरू होकर श्टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजनाश टेस्ट मैचों के लिए 15 लाख रुपये की मौजूदा मैच पीस के ऊपर एक अतिरिक्त इनाम संरचना के रूप में काम करेगी। साथ ही शाह ने बताया कि टेस्ट मैच की फीस 15 लाख रुपये है, लेकिन एक सीजन में 75 फीसदी से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी (प्लेइंग इलेवन में) को 45 लाख रुपये प्रति मैच के



हिसाब से मिलेंगे, जबकि टीम का हिस्सा रहने वाले सदस्य को 22.5 लाख रुपये प्रति मैच मिलेंगे। वहीं, 50 फीसदी यानी करीब 5 या 6 मैच सीजन में खेलने वाले खिलाड़ी को 30 लाख रुपये प्रति मैच मिलेंगे। वहीं, प्लेइंग इलेवन से बाहर रहने वाले खिलाड़ी को 15 लाख रुपये प्रति मैच मिलेंगे। वहीं, अगर कोई खिलाड़ी 50 फीसदी मैच खेले तो उसे कोई भी इंसेंटिव नहीं मिलेगा सिर्फ मैच फीस 15 लाख रुपये प्रति मैच ही मिलेंगे। बता दें कि, अभी तक देखा जा रहा था कि कुछ खिलाड़ी घरेलू रेड बॉल क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को तवज्जो नहीं देते थे, क्योंकि उनको आईपीएल में दो महीने खेलने पर ही 10 से 15 करोड़ रुपये मिल रहे थे।

हालांकि, बीसीसीआई ने अब यहां भी पैसों की बढ़ोतरी कर दी है। ऐसे में अब वेस्ट क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों का रुझान बढ़ेगा।


# आर.अश्वानी ने बेन स्टोक्स को बनाया 13वीं बार अपना शिकार, कपिल देव के 2 बड़े रिकार्ड तोड़े

अश्विन ने स्टोक्स को 17वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बने हैं। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने अपने करियर में वेस्टइंडीज को डेसमंड हेन्स को 16 बार अपना शिकार बनाया था। वहीं अश्विन ने टेस्ट में स्टोक्स को 13वीं बार आउट किया है।

भारतीय स्टार स्पिनर आर अश्विन ने भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने धर्मशाला के मैदान पर ऐतिहासिक पांच विकेट हॉल लिया। ये उनका 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने जैक क्रॉली (0), बेन डकेट (2), ओली पोप (19), बेन फोक्स (8) और बेन स्टोक्स (2) को अपना शिकार बनाया। अश्विन ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को 23वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बोल्ड किया। स्टोक्स के बोल्ड होते ही अश्विन के नाम दो रिकॉर्ड दर्ज हो गए। उन्होंन वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल को पछाड़ा है। दरअसल, अश्विन ने स्टोक्स को 17वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बने हैं। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने अपने करियर में वेस्टइंडीज को डेसमंड हेन्स को 16 बार अपना शिकार बनाया था। वहीं अश्विन ने टेस्ट में स्टोक्स को 13वीं बार आउट किया है। वह टेस्ट क्रिकेट में किसी एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार पवेलियन भेजने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बता दें कि कपिल ने पाकिस्तान के मदस्स नसर को 12 बार आउट किया था। इके साथ ही अश्विन ने अपने करियर में 36वीं बार पांच विकेट हॉल लिया है है। वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइफर लेने वाले गेंदबाज बन चुके हैं। उन्होंने इस मामले में अनिल कुंबले को पछाड़ा है। जिन्होंने 35 बार ये कारनामा अपने नाम कियाहै।

# क्या होता है अकन्थोसिस निगरिकन्स

डॉक्टर के मुताबिक, अकन्थोसिस निगरिकन्स एक तरह की पिगमेंटेशन ही हैं जो डायबिटीज के कारण होती है. ऐसे लोग जिन्हें प्रीडायबिटीज की समस्या है, उनमें ज्यादातर की गर्दन पर पिगमेंटेशन नजर आते हैं. इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से ऐसा होता है. इसमें स्किन पर बड़े–बड़े डार्क पैचिस बनने शुरू हो जाते हैं. अकन्थोसिस निगरिकन्स के क्या लक्षण हैंजब त्वचा के रंग में बदलाव होने लगे तो ये अकन्थोसिस निगरिकन्स के संकेत हो सकते हैं. इसमें शरीर के कई हिस्सों में कालापन आने लगते हैं. त्वचा सख्त होने लगती है, स्किन पर रैशिज की समस्या होने लगती है. शरीर के जो हिस्से इन बीमारी से प्रभावित होते हैं, उनमें बगल, गर्दन, पेट या जांघ के बीच का हिस्सा, कोहनी, घुटने, होंठ, हथेलियां और पैर के तलवें शामिल हैं.अकन्थोसिस निगरिकन्स का कारण1. इंसुलिन रेजिस्टेंस ज्यादातर मामलों की वजह से ये समस्या हो सकती है. इसमें शरीर में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का निर्माण नहीं हो पाता है, जिससे ग्लूकोज लेवल बढ़ता है और डायबिटीज का खतरा बढ़ता है.2. हार्मोनल असंतुलन की वजह से भी ये समस्या हो सकती है. इसकी वजह से अंडाशय में गांठ होना, हाइपोथायराडिज्म या एड्रेनल ग्लैंड में दिक्कतें आ सकती हैं. 3. कई तरह की दवाईयां जैसे गर्भनिरोधक गोलियां या अन्य



से भी इसका खतरा बढ़ता है. 4. लिंफोमा कैंसर की वजह से भी अकन्थोसिस निगरिकन्स हो सकता है. इसके अलावा पेट, कोलन और लिवर कैंसर में भी इस समस्या के होने के रिस्क रहता है.

अकन्थोसिस निगरिकन्स से कैसे बचें 1. इस बीमारी के होने पर सबसे पहले डॉक्टर को दिखाएं और टेस्ट से इसे कंफर्म करें.

2. डॉक्टर की बताई दवाईयां टाइम टू टाइम लें.

3. प्री डायबिटीज की वजह से ये समस्या है तो डाइट में सुधार और लाइफस्टाइल में बदलाव करें. 4. अपना वजन कंट्रोल रखें, क्योंकि इसका एक कारण मोटापा भी है.

# फ्रिज में कई दिनों तक खराब नहीं होंगी सब्जियां, ये है रखने का सबसे सही तरीका

रोज रोज सब्जी मंडी जाकर सब्जी लाने का समय किसी के पास नहीं होता. ऐसे में बहुत से लोग हफ्ते भर की सब्जियां एक साथ ही लें आते हैं. अब सवाल ये उठता है कि इन सब्जियों को लंबे समय तक फ्रेश कैसे रखा जाए? वैसे तो सब्जियों को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए फ्रिज का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन कई बार फ्रिज में सब्जियां रखने के बावजूद भी कुछ सब्जियां खराब हो जाती हैं. इसका कारण सही से सब्जियों को स्टोर न करना होता है.

सब्जियों को अलग अलग तरह से स्टोर करने की जरूरत पड़ती है. कुछ सब्जियां रूम



टेंपरेचर में ही फ्रेश रखी जा सकती हैं तो कुछ फ्रिज में रखने से फ्रेश रहती हैं. ऐसे में आइए जानते हैं किस सब्जी को किस तरह स्टोर करके लंबे समय तक फ्रेश रखा जा सकता है.

पत्तेदार सब्जियों को ऐसे करें स्टोरपत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, धनिया को स्टोर करने के लिए इन सब्जियों को सीधा फ्रिज में न रखें. फ्रिज में इन सब्जियों को रखने से पहले इन्हें अच्छी तरह से धो लें और सुखा लें. इसके बाद इन सब्जियों को पेपर टॉवल में लपेटकर सील्ड पैक में रखें. इस तरह पैक करने के बाद सब्जियों को आप फ्रिज में रख सकते हैं.आलू, प्याज और बाकी सब्जियों को इस तरह करें स्टोर आलू और प्याज जैसी सब्जियों को 1 से 2 हफ्ते तक बड़ी ही आसानी से स्टोर किया जा सकता है.

आलू और प्याज को फ्रिज में स्टोर न करें. इन्हें थोड़ी ठंडी और डार्क जगह पर रखें. वहीं खीरे और टमाटर को पानी में डालकर फ्रिज में स्टोर करें. इस तरह से स्टोर करने पर ये सब्जियां लंबे समय तक फ्रेश रहेगी. गाजर को धोकर और अच्छी तरह से सुखाकर ही फ्रिज में स्टोर करें.।

# बदलते मौसम में आयली स्किन की ऐसे करें देखभाल, मिलेगी खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा

सर्दियों के मौसम में सभी लोगों को अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं बदलते मौसम में भी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। क्योंकि बदलते मौसम के साथ ही स्किन को भी मौसम के लिए तैयार करना जरूरी होता है। सर्दियों के मौसम में सभी लोगों को अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं बदलते मौसम में भी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। क्योंकि बदलते मौसम के साथ ही स्किन को भी मौसम के लिए तैयार करना जरूरी होता है। गर्मियों में स्किन पर मुंहासे, दाग–धब्बे और टैनिंग आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में स्किन का ख्याल रखने के लिए आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकती हैं। जिससे आपकी त्वचा क्लीन और एक्ने फ्री रहेगी। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल रखने के लिए क्या टिप्स फॉलो करना चाहिए। वैसे तो त्वचा का ख्याल रखने के लिए हर मौसम में सनस्क्रीन जरूर लगानी चाहिए। लेकिन कुछ लोग बदलते मौसम में इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। बता दें कि बदलते मौसम में सनस्क्रीन का जरूर अप्लाई करनी चाहिए। आपको एसपीएफ 30 सनस्क्रीन लगाना चाहिए। जो धूप से स्किन का बचाव करती है। वहीं त्वचा के दाग–धब्बों और टैनिंग को भी दूर करने में मददगार होती है। त्वचा को करें एक्सफोलिएट बदलते मौसम में अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि इससे स्किन पर जमे सारे डेड स्किन सेल्स निकल जाते हैं। वहीं एक्सफोलिएट करने से स्किन साफ और क्लियर होती है। स्किन को एक्सफोलिएट करने के लिए ।

# कल्कि 2898 एडी से प्रभास की नई झलक आई सामने, 9 मई को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म कल्कि 2898 पिछले लंबे वक्त चर्चा में हैं।प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म में से एक है।दिग्गज अभिनेता कमल हासन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।अब महा शिवरात्रि के खास मौके पर निर्माताओं ने कल्कि 2898 एडी का नया पोस्टटर साझा किया है, जिसमें प्रभास का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। कल्कि 2898 एडी एक पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसे 600 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।फिल्म में प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है।पोस्टर साझा कर निर्माताओं ने दर्शकों को प्रभास के किरदार से मुलाकात करवाई है। फिल्म में उनका नाम भैरवा होगा।उन्होंने लिखा, काशी की भविष्य की गलियों से, भैरवा से मिलिए। भैरव के रूप में प्रभास का लुक स्टाइल, रॉयल्टी और तीव्रता को दर्शाता है, जिसमें अभिनेता चश्मा और पोनीटेल पहने हुए हैं। इस स्टाइलिश उपस्थिति ने फिल्म के प्रति प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है। प्रभास के अलावा, फिल्म में दिग्गज कमल हासन और अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो परियोजना की स्टार पावर को बढ़ाते हैं। दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी को मुख्य महिला भूमिका में लिया गया है, जिससे समूह में ग्लैमर और प्रतिभा जुड़ गई है। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन द्वारा तैयार किया गया है, जो एक मनोरम और गहन संगीत अनुभव का वादा करता है। कल्कि 2898



एडी 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# मडगांव एक्सप्रेस का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट आन हुआ रिलीज, नोरा फतेही के किलर डांस मूव्स कर देंगे झूमने पर मजबूर

कुणाल खेमू के डायरेक्शन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का फर्स्ट सॉन्ग सामने आ गया है. मडगांव एक्सप्रेस का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन एक पार्टी सॉन्ग है, जो आपको भी थिरकने पर मजबूर कर देगा. इस गाने में नोरा फतेही ने एक बार फिर से अपने किलर मूव्स दिखाए हैं, जो दर्शकों को काफी पसंद भी आ रहे हैं.

मडगांव एक्सप्रेस को कुणाल खेमू ने सिर्फ डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है. इस फिल्म के निर्माता रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर हैं. फिल्म का ट्रेलर पहले ही लॉन्च हो चुका है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है. फिल्म नोरा फतेही के साथ दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गाधी, अविनाश तिवारी, छाया कदम और उपेंद्र लिमाय हैं.

बेबी ब्रिंग इट ऑन में नोरा फतेही के साथ दिव्येंदु शर्मा, अविनाश तिवारी, छाया कदम और उपेंद्र लिमाय भी नजर आ रहे हैं. इस गाने में नोरा सफेद रंग की शॉर्ट स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहने अपने लटके–झटके दिखाती हुई नजर आ रही हैं. इस पार्टी सॉन्ग को अजय–अतुल ने कंपोज किया है. अजय गोवाले और निकिता गांधी ने अपनी मधुर आवाज से इसे सजाया और इस गाने के बोल कुमार ने हिंदी के लिए लिखे हैं. इस गाने के ओरिजनल बोल मराठी में अजय–अतुल ने ही लिखे हैं. इस गाने को रेमो डिसूज ने कोरियोग्राफ किया है.कुणाल खेमू मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म में



प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु तीन दोस्तों की भूमिका निभा रहे हैं, जो किसी दिन गोवा में छुट्टियां मनाने का सपना देखते हैं. लेकिन जब वे वास्तव में गोवा पहुंचते हैं, तो उनका यह ख्वाब एक बुरे सपने में बदल जाता है. ट्रेलर में फिल्म के गुदगुदाने वाले सीन्स की एक सीरीज दिखाई गई है, जिसमें भारतीय ट्रेन के स्लीपर कोच की सवारी के खतरों से लेकर होटल के कमरे में कोकीन का भंडार ढूंढने तक शामिल हैं. पुलिस, डॉन और यहां तक कि कामवाली बाई भी ड्रग्स की तलाश में हैं. फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और गुदगुदाने वाला है.

# फिल्म शैतान का मुख्य गाना जारी, अजय देवगन पर भारी पड़े आर माधवन



आर माधवन और अजय देवगन अभिनीत फिल्म शैतान आखिरकार लंबे इंतजार के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह अजय और माधवन के बीच पहला सहयोग है।इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में हैं, जो अजय की पत्नी बनी हैं।अब निर्माताओं ने शैतान का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसे सिद्धार्थ बसरूर ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। शैतान के निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। इस फिल्म को जियो स्टूडियो, पैनोरमा स्टूडियो और देवगन फिल्म्स ने मिलकर बनाया है।फिल्म की कहानी आमिल कीयान खान ने लिखी है। शैतान 2023 में रिलीज हुई गुजराती फिल्म वश का रीमेक है।रिपोर्ट्स के अनुसार, शैतान पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10 से 12 करोड़ रुपये का कारोबार कर सकती है। वीकेंड में फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।अजय देवगन की फिल्म दृश्यम का विजय सलगांवकर तो आपको याद ही होगा, वही किरदार जो अपनी बेटी को बचाने के लिए हर हद पार कर जाता है।अब एक बार फिर अजय फिल्म शैतान के जरिए ऐसी ही कहानी लाए हैं, जिसमें वह पिता बन शैतान से अपनी बेटी को बचाने की कोशिश करेंगे। यह कहानी कबीर (अजय) और उसके हंसते–खेलते परिवार की है, जो अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोदीवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ अपने फार्म हाउस पर छुट्टियां मनाने जाता है।यहां बीच रास्ते में एक रेस्तरां पर कबीर, वनराज (आर माधवन) से टकराता है, जो उनका पीछा करते–करते फार्महाउस तक पहुंच जाता है।वनराज जाह्नवी को अपने वश में कर लेता है और उसे कठपुतली की तरह अपने इशारों पर नचाता है।

# विष्णु मांचू का फिल्म कन्नप्पा से नया लुक जारी

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, विष्णु मांचू–स्टारर कन्नप्पा के निर्माताओं ने फिल्म के फर्स्ट–लुक पोस्टर का अनावरण किया,



जिसमें विष्णु को भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त के रूप में दिखाया गया है। पोस्टर में विष्णु को अद्वितीय करिश्मा और तीव्रता के साथ भक्त कन्नप्पा के रूप में दिखाया गया है। पोस्टर में, विष्णु झरने से निकलने के बाद धनुष और तीर के साथ खड़े हैं, अपने लक्ष्य पर अपनी शक्ति दिखाने के लिए तैयार हैं। यह छवि भक्ति और दृढ़ संकल्प का संकेत देती है जो कन्नप्पा के चरित्र को परिभाषित करती है। पोस्टर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए, विष्णु ने लिखारू भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त कन्नप्पा को चित्रित करने के लिए सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त हूं। आज महाशिवरात्री पर, यहां आपका कन्नप्पा है। मोहन बाबू, मोहनलाल, प्रभास, सरथ कुमार और ब्रह्मानंदम जैसे अभिनेताओं के साथ, टीम कन्नप्पा वर्तमान में 600 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रू सदस्यों के साथ न्यूजीलैंड में अपने दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रही है। उसी के बारे में बात करते हुए, विष्णु ने साझा कियारू कन्नप्पा समर्पण और जुनून से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह एक फिल्म होने से कहीं आगे जाती है। कन्नप्पा एक योद्धा की आत्मा की गहन खोज को उजागर करती है। मैं इसका खुलासा करते हुए रोमांचित हूं जब हम इस फिल्म को जीवंत कर रहे हैं तो जादू प्रकट हो गया है। महाशिवरात्रि पर पहली झलक दिखाने का निर्णय ऐसा लगता है जैसे भगवान शिव का आशीर्वाद हमारा मार्गदर्शन कर रहा है। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है.

# बालीवुड में एंट्री? अमिताभ बच्चन की नातिन ने बताई क्या है इसके पीछे की वजह

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने पिछले साल नेटफ्लिक्स फिल्म द आर्चीज से अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की। उनकी बहन नव्या नवेली नंदा के फैंस उन्हें फिल्मों में भी देखने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने पिछले साल नेटफ्लिक्स फिल्म द आर्चीज से अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की। उनकी बहन नव्या नवेली नंदा के फैंस उन्हें फिल्मों में भी देखने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। फिल्म उद्योग में प्रवेश न करने के अपने फैसले के बारे में बात करते हुए, नव्या ने हाल ही में कहा कि उनका झुकाव अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय की ओर अधिक है।



# फिल्म आर्टिकल 370 की पकड़ दूसरे सप्ताह में भी मजबूत, लापता लेडीज का संघर्ष जारी

आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया है।सिनेमाघरों में इस फिल्म को रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। आइए जानते हैं आर्टिकल 370 ने अपनी रिलीज के 14वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 14वें दिन आर्टिकल 370 ने 1. 60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 57.55 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 80 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर आर्टिकल 370 का सामना किरण राव की फिल्म लापता लेडीज से हो रहा है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म शैतान भी 8 मार्च को सिनेमाघरों का रुख कर चुकी है। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही हैं।इनमें किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज भी शामिल है, जिसने 1 मार्च को सिनेमाघरों



का दरवाजा खटखटाया था।हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाल नहीं दिखा सकी है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई की रफ्तारी धीमी होती जा रही है।अब लापता लेडीज की कमाई के सातवें दिन के आंकड़े सामने आए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने अपनी रिलीज के सातवें दिन 55 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.03 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 7.49 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिड़की पर लापता लेडीज का सामना यामी गौतम की आर्टिकल 370 से हो रहा है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म शैतान भी सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। लापता लेडीज की कहानी घूंघट की आड़ में 2 नई नवेली दुल्हनों की अदला–बदली पर आधारित है। आमिर खान इसके निर्माता हैं।फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल, रवि किशन और प्रतिभा रांटा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

## डेंटिस्ट की पढ़ाई के बाद एक्टिंग को चुना करियर, शैतान से जानकी बोदीवाला का बालीवुड डेब्यू

अजय देवगन की फिल्म शैतान से जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है. जानकी बोदीवाला बॉलीवुड में डेब्यू से पहले गुजराती सिनेमा का जाना–माना नाम है. शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है. वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं. अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर मच अवेटिड शैतान शुक्रवार, 8 मार्च को सिनेमाघरों में आ गई है. 7 मार्च को फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में हुई, जिसमें फिल्म की स्टारकास्ट के साथ बॉलीवुड के कई सितारों ने भी हिस्सा लिया. फिल्म की स्क्रीनिंग में अजय देवगन की बेटी का किरदार निभा रही जानकी बोदीवाला भी पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में पहुंची. इस फिल्म के साथ गुजराती एक्ट्रेस जानकी बोदीवाली ने भी बॉलीवुड में अपना पहला कदम रखा है. शैतान की स्पेशल स्क्रीनिंग में जानकी बोदीवाला पिंक कलर की ग्लैमरस ड्रेस पहनकर पहुंची थीं. इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने



पैपराजी को भी खूब पोज दिए. जानकी ने इस पिंक ड्रेस के साथ ब्लैक हाई हील्स पहनी थी. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा हुआ था और लाइट मेकअप में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. बता दें कि शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है. वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं. 30 अक्टूबर 1995 को अहमदाबाद, गुजरात में जन्मी जानकी बोदीवाला एक शानदार एक्ट्रेस हैं. उन्हें गुजराती सिनेमा में छेलो दिवसरू ए न्यू बिगिनिंग (2015), दौड़ पकड़ और वश (2023) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है. जानकी बोदीवाला ने अपनी स्कूली पढ़ाई के बाद गांधीनगर के गोयंका रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में एडमिशन लिया.।

## प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन मीरा की शादी का कार्ड वायरल, जानें कब लेंगी बायफ्रेंड के साथ सात फेरे

मीरा चोपड़ा प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं और उन्होंने बॉलीवुड और तमिल सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। मीरा चोपड़ा इस समय सही कारणों से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड रक्षित केजरीवाल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मीरा चोपड़ा प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं और उन्होंने बॉलीवुड और तमिल सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। मीरा चोपड़ा इस समय सही कारणों से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड रक्षित केजरीवाल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी शादी के कार्ड की तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कार्ड में दी गई जानकारी के अनुसार, शादी का जश्न जयपुर–दिल्ली हाईवे पर ब्यूना विस्टा लक्जरी गार्डन स्पा रिजॉर्ट में होगा। शादी के फंक्शन दो दिनों तक चलेंगे। प्री–वेडिंग सेरेमनी 11 और 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रशंसकों ने जोड़े को बधाई देने के लिए टिप्पणी अनुभाग का सहारा लिया। एक यूजर ने कहा, श्वाह, कबश. एक अन्य यूजर ने कहा, श्बधाई हो। मेहंदी समारोह 11 मार्च को होगा। इसके बाद, एक कॉकटेल पार्टी होगी जो उसी दिन आयोजित की जाएगी। अगले दिन हल्दी की रस्म होगी और उसके बाद शाम को फेरे होंगे। अपनी चचेरी बहनों प्रियंका चोपड़ा और परिणीता चोपड़ा के बाद, जिनकी शादी राजस्थान में हुई,।

# तमन्ना भाटिया ने फैंस को दिया बड़ा तोहफा, ओडेला 2 से दिखाई अपनी पहली झलक

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने महाशिवरात्रि के खास मौके पर फैंस को सरप्राइज दिया है. एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 का पहला पोस्टर शेयर किया है. बता दें कि ये साउथ की सुपरहिट फिल्म ओडेला का रीमेक है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी. इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. वहीं इस पोस्टर में तमन्ना शिव की भक्ति में भी लीन नजर आ रही हैं. माथे पर चंदन, हाथ में डमरू और भगवा वस्त्र पहने एक्ट्रेस का अवतार काफी दमदार नजर आ रहा है. वहीं इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है. हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि उनका ये लुक खूब वायरल हो रहा है. फैंस को एक्ट्रेस का इस गेटअप में देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं. फिल्म के पोस्टर पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. हर कोई एक्ट्रेस के इस अवतार की जमकर तारीफ कर रहा है. किसी एक यूजर ने उनके पोस्ट पर हर हर माहदेव लिखा, तो किसी अन्य यूजर ने कमेंट में कहा कि वाओ बहुत सुंदर लुक है आपको ये. मेरी फेवरेट हीरोइन तमन्ना भाटिया... ऐसा पहली बार है जब तमन्ना इस तरह के किरदार में नजर आ रही हैं.



बता दें कि इसी महिने की 1 तारीख को एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग पूरी की थी. इसकी एक तस्वीर भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थी. बता दें कि ओडेला 2 कई सारी भाषाओं में रिलीज होने वाली हैं. फिल्म का दमदार पोस्टर देखने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा ने स्टायलिश आउटफिट में लगाए सेक्सी ठुमके, एक्ट्रेस की सेक्सी वीडियो ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा सोशल मीडिया पर बिजली गिराने के लिए मशहूर हैं.आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक सेक्सी वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक–धक करने लग जाएगा. मोनालिसा ने स्टायलिश आउटफिट पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी ठुमके लगा रही हैं. एक्ट्रेस का डांस के लिए पैशन देख फैंस दीवाने हो गए है और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। बताते चलें कि भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने सलमान खान के शो बिग बॉस में धमाल मचाया था। इस शो की वजह से ही मोनालिसा घर–घर में फेमस हो गई थीं। वैसे तो यूपी–बिहार में मोनालिसा की फैन फॉलोइंग पहले से ही तगड़ी थी। लेकिन टीवी इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद मोनालिसा को अब हर कोई जानता है।

# जनपद न्यायालय देवरिया में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया भव्य आयोजन

## किये गये 139861 वादों का निस्तारण



ब्यूरो देवरिया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश पटेल, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विकास कुमार, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव अशोक कुमार दूबें, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जगन्नाथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कमारी, सिविल जज (सी0डी0) विवेक कुमार, व अन्य सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के द्वारा कुल 06वादों का निस्तारण किया गया तथा मु0—2,000—रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के द्वारा 10 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय विकास कुमार द्वारा 35 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। तथा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री संजय कुमार द्वारा कुल 105 मामलों का निस्तारण किया गया तथा मु0—7,36,15000—रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल मिलाकर 1,39,861—00 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुर्माना एवं अन्य मामलों में कुल मु0—83,96,60,865—00 ध—रूपये की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया। इस लोक अदालत में मुख्य रूप से समस्त सम्मानित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, वादकारीगण तथा सामान्य जनता उपस्थित रही।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें के अथक प्रयास से इस लोक अदालत का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ तथा इसके लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वात्सल्य इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल्स साइन्सेज में नर्सिंग छात्र—छात्राओं ने महिला जागरूकता कार्यकम किया। जिसमें संस्था की निर्देशिका डा. कीर्तिका अग्रवाल ने बताया की नारी शक्ति देश का सर्वोच्च पद है और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से महिलाओं के सम्मान में वृद्धि होगी। उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की स्वालंबन की दिशा में स्वरोजगार एवं स्टार्ट—अप के रूप में कई विकल्पों के कारण आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे—से—कंधा मिलकर चल रही हैं। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा।

## प्रयागराज प्रधान डाकघर में लिफ्ट की सुबिधा शुरू

प्रयागराज(आरएनएस)। पोस्टमॉस्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर को कस्टमर फ्रेंडली बनाने के लिए लिफ्ट की सुबिधा शुरू की गई!पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक सेवाओं के क्षेत्र में प्रयागराज का महत्वपूर्ण स्थान है। यहीं से तमाम डाक सेवाओं की शुरूआत हुयी और आज भी धरोहर के रूप में तमाम बातों को यह सहेजे हुये है। प्रधान डाकघर की अवस्थिति इसे और भी महत्वपूर्ण बनाती है। इसके आगोश में इतिहास के तमाम पहलू छुपे हुये हैं। अंग्रेजों के जमाने में वर्ष 1834 में निर्मित प्रधान डाकघर की पुरानी बिल्डिंग का स्थापत्य, कमरों की डिजायन और बड़े—बड़े हॉल वाकई मनमोहक हैं। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में यहाँ लिफ्ट लगने से ग्राहकों और कर्मियों सभी को सुविधा होगी।

# छात्राओं को दिए यातायात नियमों के टिप्स, कराया योग

प्रयागराज(आरएनएस)। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 054 द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठवें दिवस का शुभारंभ प्रार्थना और लक्ष्य गीत के गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका श्रीमती नीतू सिंह ने स्वयंसेविकाओं के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ को बनाए रखने के लिए लाभदायक आसन और प्राणायाम सिखाया। इसके पश्चात सादृरेदृगादृमादृपा, डांस इंडिया डांस आदि जैसे रिएलिटी शो में भाग ले चुके कोरियोग्राफर भीम सिंह ने स्वयंसेविकाओ को उत्तर प्रदेश लोक नृत्य ष्रासष का अभ्यास कराया। तदोपरान्त यातायात निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओ को यातायात के नियमो को बताते हुए उन्हें पालन करने और दूसरो को करवाने के लिए आग्राह किया। जिसमे उन्होंने 10 मुख्य नियम बताए।

सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमे प्रथम स्थान प्रियांशी बाला, द्वितीय स्थान आरजू बानो और आंचल यादव तथा तृतीय स्थान पूजा भारतीया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्रीमती सुचित्रा कुमारी ने स्वयंसेविकाओ को मार्शल आर्ट की कार्यशाला के अंतर्गत आत्मरक्षा के तरीके सिखाए तथा उनको 4 समूहों में बांट के क्रियात्मक अभ्यास कराया। तदोपरांत ष्मेरा पहला वोट देश के लिएष तथा ष्भारत का पर्व देश का गर्वष्अभियान के तहत ष्लोकतंत्र मे मतदान का महत्व ष विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान आंचल यादव और आंचल मिश्रा, द्वितीय स्थान दीक्षा और अनामिका मिश्रा, तृतीय स्थान अर्चिता पांडेय ने प्राप्त किया। शिविर के अन्त में श्रमदान करते हुए स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की तथा शिविर के छठवें दिन का समापन राष्टगान के साथ हुआ।

# कविता एवं लोकगीत के माध्यम से प्रधानमंत्री की योजनाओं की दी जानकारी

प्रयागराज(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ,प्रयागराज द्वारा कवि सम्मेलन, लोकगीत एवं सम्मान समारोह बुद्ध विहार कॉलोनी कालिंदीपुरम प्रयागराज में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ आभा श्रीवास्तव, मधुर उपस्थिति रही। उन्होंने उक्त अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का उदय हुआ है। हमारे देश के प्रधानमंत्री महोदय की मात्र शक्तियों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं ने समाज की महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने का केवल कार्य किया है बल्कि उन्हें स्वावलंबी बनाने का भी कार्य किया है नमो ऐप सरल अप के माध्यम से हम सब किस प्रकार से जुड़कर प्रधानमंत्री के कार्यों को देख सकते हैं, जुड़ सकते हैं। इसकी भी जानकारी प्रदान कीकेंद्र प्रदेश की सरकारों द्वारा लोक कलाकारों एवं साहित्यकारों सहित अपनी सभ्यता और संस्कृति को मजबूत करने के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है।अध्यक्षता कर रहे और कन्या ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन पंकज जायसवाल जीने उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर आभा श्रीवास्तव, मधुर को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। संचालन कर रहे भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अमित जौनपुरी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी कविताओं से श्रोताओं को आह्लादित कर डाला।उक्त अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के वेद प्रकाश त्रिपाठी जी ने लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए उनका सम्मान किया।कवि सम्मेलन में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के साथ संयोजक योगेश ओझा झमाझम ने किया।कवि सम्मेलन में अन्य रचनाकारों ने भी काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानमंत्री की योजनाओं पर केंद्रित लोक गीत लोक कलाकारों ने प्रस्तुत किया। उक्त समरोह में अजीत श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, डॉक्टर शैल श्रीवास्तव, के ,के पांडे, संजय शेखर पांडे, अजय मोहन, अमिता पांडे, सहित अन्य गणमान्य विभूतियां उपस्थित रही।

# मतदाताओं के बीच किया गया मतदाता सूचियों का वाचन



ब्यूरो

देवरिया। जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के कैलेंडर के अनुसार मैं हूँ ना.... गतिविधि के अंतर्गत आज समस्त बूथों पर मतदाता सूची का ग्राम वासियों के बीच मतदाता सूची का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे कि नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम होने की स्थिति स्पष्ट हो जाए। मुख्य कार्यक्रम देवरिया में संबंधा लान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव (सहायक नोडल अधिकारी स्वीप) ने संबंधित बूथ की मतदाता सूची पढ़ी एवं उपस्थित जन समुदाय को मतदान करने की शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में देवरिया सदर ब्लाक के समस्त विद्यालयों के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे और उन्होंने मतदान प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की बात कहीं। जनपद पर आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर विजय पाल नारायण त्रिपाठी, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता डॉक्टर आलोक पांडेय, एस०आर०जी० उपेंद्र उपाध्याय, मनोज मिश्र, शैलेंद्र चौबे, नीलम सिंह,कंचन लता मिश्रा, सुजाता तिवारी, पूजा गोंड, नीतू सिंह, नूतन तिवारी,प्रवीण सिंह,उमेश तिवारी समेत सैकड़ो की संख्या में शिक्षक ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसी प्रकार जनपद के समस्त बूथों पर प्रधानाध्यापक एवं संबंधित बूथ बीएलओ ने अपने ग्राम सभा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर ग्रामवासियों को एकत्रित करके मतदाता सूची में नाम पढ़कर मतदाताओं को उनके मतदाता सूची में नाम के संबंध में अद्यतन किया एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता हेतु जागरूक किया। मैं हूं ना कार्यक्रम जनपद के समस्त बूथों पर संबंधित विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं भ्रमणशील रहते हुए बूथों का पर्यवेक्षण किया और इस कार्यक्रम की निगरानी किए।

# हजरत ख्वाजा जियाउद्दीन चिश्ती का सालाना उर्स अकीदत के साथ हुआ सम्पन्न

## सज्जादा नशीन व प्रशासन के लोगों को प्रयाग गौरव शगुन सम्मान से किया गया सम्मानित

प्रयागराज(आरएनएस)। शहर कोतवाली परिसर में स्थित सूफी संत हजरत ख्वाजा जियाउद्दीन चिश्ती उर्फ बहाल हुसैन शाह का सालाना उर्स शनिवार को परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उर्स का आगाज सुबह फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी से शुरू हुआ। सुबह 10 बजे गुस्ल की रस्म अदा की गई। संदल, गागर, चादर, के बाद कव्वाली के 3 कलाम मशहूर कव्वाल अरशद हुसैन उर्फ पप्पू काकोरी ने पेश किया। इसके बाद गुस्ल की फातिहा हुई और दुआएं खैर मांगी गई। सारा दिन दरगाह पर जायरीनों का तांता लगा रहा। दूर—दराज आये जायरीनों ने दरगाह पर फूल माला चढ़ाकर मन्नते मांगते रहे। मगरिब के नमाज के बाद फातिहा व लंगर का इंतजाम दरगाह कमेटी के जानिब से किया गया। रात 9 बजे से महफिले शमा का आयोजन हुआ। जिसमें कव्वाल पप्पू करोरी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कियाध। कलाम सुनकर उर्स में आये मेहमानों ने जमकर नजराने पेश किया। महफिल देर रात तक चलती रही। इस मौके पर कई दरगाहों व खानकाह के सज्जादा नशीन मौजूद रहे। उर्स की पूरी रस्म खानकाह सफवी के सज्जादानशीन अल्हाज हकीम रिजवान हामिद सफवी की सरपरस्ती में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ष्शगुन प्रयाग गौरव सम्मानष से कई सज्जादनशीनों, प्रशासन, समाजसेवी, व व्यपारियो, को शाल पहना कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अलहाज हकीम रिजवान हामिद, रियाज अहमद कलंदरी, चांद मियां नियाजी, नैय्यर मियां साबरी, मोहम्मद कमर वारसी, शफीक वारसी, आदि लोगों को सम्मानित किया गया। दरगाह के खादिम मोहम्मद महबूब दावर ने बताया कि शाबान की 27 तारीख को दरगाह हजरत जियाउद्दीन चिश्ती का उर्स हर साल मनाया जाता है इस वर्ष भी उर्स परंपरागत तरीके से मनाया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पेश की गई। उर्स के मौके पर आए हुए मेहमानों ने अपने मुरादे मांगी तो वही देश में आपसी भाईचारा व देश में अमन चौन के लिए दुआएं मांगी गई। और उर्स सकुशल अपने समय के अनुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर संदीप कुमार केसरवानी, अनिल कसेरा, राहिद अंसारी, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद आमिर, युसूफ कमाल, मोहम्मद याकूब, शाहनवाज, अबरार अहमद, मोहम्मद शहजाद उर्फ मुन्नू, सफदर कमाल, मोहम्मद अरशद रियासत, नसीम अहमद उर्फ चांद,, मोहम्मद अकरम आदि लोग मौजूद रहे।

# हमें स्वयं के स्त्री होने पर गर्व होना चाहिए- प्रो. अनिता गोपेश

प्रयागराज (आरएनएस)। सोसाइटी ऑफ बायलाजिकल साइंसेज एण्ड रूरल डेवलपमेंटए प्रयागराज में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस एवम् नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ ज्योति वर्मा सह.आयोजिका राष्ट्रीय संगोष्ठी ने किया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी एवम् संस्था के विषय में डा हेमलता पंत सचिव एस बी एस आर डीए ने बताया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवम् वक्ता प्रो अनिता गोपेश पूर्व अध्यक्षा जन्तु विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज थी। प्रो गोपेश ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें स्वयं के स्त्री होने पर गर्व होना चाहिए। महिलाओं को देवी या दासी ना समझे उन्हें मानव ही समझे। स्वतंत्रता अच्छी है मगर स्वछंदता ठीक नहीं है। हमारे लिए जो भी कानून बने हैं उनका सही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षा एवं रोजगार से महिलाओं की तस्वीर बदल रही है। कार्यक्रम में डा शक्ति शर्मा, डा मजू तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में प्रो अनिता गोपेश, डा शक्ति शर्मा, डा मंजू तिवारी, डा वन्दना माथुर, डा राजीना करीमा, डा उमा रानी अग्रवाल, डा निशि सेवक, डा दीप्ति मोण्डल, डा अंकिता कुशवाहा, डा दीपा श्रीवास्तवा, डा अर्चना, उदय सिंह, डा दुर्गेश नन्दिनी, डा अंजलि वर्मा, डा प्रिया श्रीवास्तवा, डा निधि शुक्ला, डा सरिता विपाठी, डा साधना वैश्य, डा वर्षा जायसवाल, डा दीपांजलि पाण्डेय, डा मोनिका सिंह, डॉ सहनशी हाशमी, डा जनेशा राणा, डा नीरजा शुक्ला, डा मीशू सिंह, डा कामिन, डॉ पल्लवी खनूजा, डा साधना त्रिपाठी, सुचि चौहान, डा उत्तरा सिंह, डा दीसा गौतम, डा विनी जॉन, डा अनीशा, काजल सिंह और खुशबू विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया। उस कार्यक्रम में कु सिमोनी सिंघल ने संचालन एवम् धन्यवाद दिया। कार्यकम में अनुराधा यादव अर्पिता श्रीवास्तव एवं निधि गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

# अनुज और उदय ने एंग्लो बंगाली क्लब को जिताया

प्रयागराज (आरएनएस)। अनुज सिंह परिहार के (132 रन नाबाद, 84 गेंद, आठ चौके, दस छक्के एवं दो विकेट) और उदय प्रताप सिंह (37 रन हुआ तीन विकेट) के हरफनमौला खेल और इन दोनों के बीच आठवें विकेट के लिए हुई 74 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की बदौलत एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को दो विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 38.3 ओवर में 255 रन (अखिल कुमार कश्यप 67, मोहम्मद तैमूर 62, विभव कुशवाहा 32, उदय प्रताप सिंह 3ध48, अनुज सिंह परिहार 2ध38, जितेंद्र कुमार 2ध54, श्रेयस सिंह 2ध56) बनाए। जवाब में एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब ने 37.1 ओवर में आठ विकेट पर 258 रन (अनुज सिंह परिहार 132 नाबाद, धीरेंद्र यादव 41, उदय प्रताप सिंह 37, विभव कुशवाहा 2ध16, सुब्रत प्रसाद तिवारी 2ध59) बना लिए। एक समय 177 रन पर 7 विकेट खोने वाली एंग्लो बंगाली क्लब के अनुज सिंह परिहार व उदय प्रताप सिंह ने आठवीं विकेट के लिए आठ ओवर में 74 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। मैच में मोहम्मद आरिफ व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

# कांग्रेस और सपा ने मुस्लिम समाज को बदनाम का स्वयं सत्ता की मलाई खाई– राजेंद्र मिश्रा

## मुस्लिम देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आइडल मान रहा है- असलम हसन

प्रयागराज(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में विशाल मुस्लिम सम्मेलन एवं जनसभा का आयोजन अटाला चौराहे के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपने कार्यकाल में भारत का राष्ट्रपति बनने के लिए एपीजे अब्दुल कलाम का नाम प्रस्ताव पारित कर उन्हें इस देश का राष्ट्रपति बनाने का काम किया और देश के मुस्लिम समाज को गौरवान्वित ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के झंडे में धर्म और जाति नहीं बल्कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है और मोदी और योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाएं 140 करोड़ भारतीयों के लिए समर्पित है। उन्होंने आगे कहा अभी तक कांग्रेस और सपा के लोगों ने मुस्लिम समाज के लोगों को भ्रमित कर उन्हें बदनाम किया और स्वयं सत्ता की मलाई खाई। इस अवसर पर काशी प्रांत के अल्पसंख्यक मोर्चा के संयोजक असलम हसन ने कहा कि कहा कि मुस्लिम समाज अपने बच्चों को शिक्षित करें। भारतीय जनता पार्टी उन्हें बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कहा कि मुस्लिम देश आज मोदी जी को अपना आइडल मान रहा है और उनके नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। आज भारत का राष्ट्रवादी मुस्लिम समाज भाजपा के साथ खड़ा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नटवरलाल भारती, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश गोंड, जिला मंत्री संजय श्रीवास्तव, राकेश भारती, रोहित जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक सुशील जैन, एडवोकेट अस्मत कमाल, चौधरी अब्दुल समद कुरैशी ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद एनुल हक रहे। संचालन मोहम्मद चांद कुरैशी ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद नवाब खान, प्रशांत शुक्ला, अजय हेला, रफतुल्लाह, कुर्बान अली, रेहाना खातून, गुड्डू अटाला, राशिद राइन, फिरोज अहमद, मोहम्मद फरीद, मुस्तफा टिंकी, आतिफ रहमान, हुकुम अली, असलम हसन, जिया उल हक, शादाब, जमील और क्षेत्र की सैकड़ो मुस्लिम बहनें उपस्थित रही।

# डेढ़ लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को मिला अपना आशियाना

प्रयागराज (आरएनएस)। यूपी में ग्रामीण इलाकों की ऐसी गरीब महिलाएं जिनके पास कुछ साल पहले तक उनके सर पर अपनी छत नही थी, आज वो अपने मकान की मालकिन बन गई हैं। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के प्रयासों से इन महिलाओं के सर पर आज इनकी अपनी छत है। प्रयागराज जनपद में डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं के नाम उनके अपने मकान हो गए हैं।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना ने ग्रामीण इलाकों में गरीब महिलाओं को अपनी छत होने का सपना पूरा किया है। प्रयागराज के डीआरडीए परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य बताते हैं कि वर्ष 2016—17 से शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रयागराज जनपद में अब तक एक लाख 55 हजार 35 आवासों का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों के लिए मिला था जिसमें 1 लाख 55 हजार 10 आवास स्वीकृत हुए हैं । इसी तरह एक लाख 50 हजार 331 आवास पूर्ण भी हो चुके है। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में वर्ष 2019—20 से अब तक 14 हजार 684 आवासों का लक्ष्य मिला था। इसमें 12 हजार 868 आवास बनकर तैयार हो गए हैं। सरकार ने यह भी तय किया था कि जिन घरों में महिलाएं हैं वहां पर आवश्यक रूप से मकान उनके नाम पर ही होंगे। इस आधार पर देखें तो जिले में 94 फीसदी मकान महिलाओं के ही नाम हैं। केवल उन्हीं मकानों के मालिक पुरुष है जिनके परिवार में एक भी महिला नहीं है। परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य के मुताबिक जनपद में वर्ष 2019—20 में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1381 आवास स्वीकृत हुए जबकि 1372 आवास इस साल पूर्ण कर लिए गए। इसी तरह वर्ष 2020—21 में 2424 आवास स्वीकृत हुए इसके सापेक्ष 2362 आवास पूर्ण कर लिए गए। 2021—22 में इस योजना के अंतर्गत 4428 आवास स्वीकृत होने के सापेक्ष 4376 आवास पूर्ण कर लिए गए वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2672 आवास स्वीकृत हुए जिसके सापेक्ष 2507 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। वर्ष 2023 24 में 3780 आवास स्वीकृत हुए थे जिसके सापेक्ष 2251 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं शेष 1529 आवास में कार्य प्रगति पर है। हर परिवार का सपना होता है कि उसके सदस्यों के सर पर अपनी खुद की स्वामित्व की छत हो। डबल इंजन की सरकार ने प्रयागराज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ऐसी गरीब महिलाओं को उनकी पहचान दी है। चाका विकास खंड के सारंगापुर गांव की रहने वाली सुशीला बताती हैं कि कच्चे मकान में उनका चार लोगों पूरा परिवार रहता था। बारिश के मौसम में अक्सर घर में रखा अनाज भीग कर खराब हो जाता था। सरकार की मदद से अब उनके परिवार के सर पर अपनी पक्की छत है।

कोरांव ब्लॉक के खिवली कला गांव की बसंती का पांच लोगों का परिवार खपरैल से बने दो कमरों के कच्चे मकान में रहता था। एक हिस्से में बकरियां तो दूसरे में घर के लोग रहते जिससे गंदगी की वजह से घर में कोई न कोई बीमार रहता था। सरकार से पक्का घर मिल जाने के बाद अब यह दिक्कत नही है। हंडिया विकास खंड के मुंगरांव गांव की सुखिया ने किसी तरह बच्चों का पालन पोषण करने के लिए एक कच्चा घर तो बनवा लिया था

लेकिन मजदूरी पेशा परिवार से होने की वजह से उनका अपना शौचालय नहीं था। सरकार ने आवास के साथ शौचालय भी बन गया जिससे उनकी बेटियों को अब शौच के लिए बाहर नही जाना पड़ता।

# महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं– डा. जाहेदा खानम

प्रयागराज(आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर चतुर्थ राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी ष्वूमेन ग्रुप शोष खानम आर्ट गैलरी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खानम आर्ट गैलरी की निदेशिका डॉ. जाहेदा खानम ने फीता काटकर कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अकादमी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ कलाकार तलत महमूद व शाहिद असगरी शामिल रहे पुष्पगुच्छ स्मृति चिन्ह से उन्हें सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में महिला चित्रकारों में सादमा अंसारी, अल्पना सरकार, साधना गोस्वामी, नित्या जायसवाल , कविता, शेख नशरह इस्लाम को अवार्ड मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट दे सम्मानित भी किया गया । लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़ मध्य प्रदेश, कानपुर, मुंबई, गुजरात, दिल्ली एवं प्रयागराज से महिला चित्रकारों में सम्मिलित सुषमा पाल, मुक्ता गुप्ता, डॉ. जूही शुक्ला, डॉ.कावेरी विज, खान यूसुफजई, श्रद्धा सिंह, पद्मिनी मेहता, डॉ. मंजुला, चतुर्वेदी, आसिया बानो, इकरा जफर, सबा परवीन, रुचिता ततारिया आदि की प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग्स को खूब सराहा गया।

## संस्कृत के विद्वानों को किया गया सम्मानित

प्रयागराज(आरएनएस)। संस्कृत संस्थान लखनऊ व यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित हिन्दुस्तानी अकैडमी में भारतीय संस्कृति में संस्कृत भाषा का महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पंडित रविशंकर व मशहूर गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ नाज फात्मा के मुख्य अतिथित्व में संस्कृत के ज्ञानियों ने जहां व्याख्यान दिया वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सा में संस्कृत के उपयोग के बारे में डॉ जमशेद अली ने विचार व्यक्त किए। समाजसेवी पंडित निशा शुक्ला, समाजसेवी मधूकर मिश्रा, पत्रकार व उर्ध्व नेत्र संपादक डॉ सुधाकर पांडेय, पत्रकार रितेश कपूर को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजक शफकत अब्बास पाशा के संयोजन म डॉ राजेन्द्र प्रसाद के वंदना गीत से संगोष्ठी का प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ नाज फात्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। डॉ प्रोफेसर उषा मिश्रा के संचालन में नरेन्द्र सिंह, राहुल कुमार त्रिपाठी, धनंजय सिंह , डॉ रिचा त्रिपाठी आदि ने भारतीय संस्कृति में संस्कृत का योगदान पर व्याख्यान दिया। शफकध्त अब्बास पाशा ने मुख्य अतिथि डॉ नाज फात्मा का बुके व मोमेन्टो भेंट कर स्वागत किया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।